जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, शनिवार 28 दिसम्बर, 2024



## विचार बिन्दु

उत्साह से बढ़कर कोई दूसरा बल नहीं है, उत्साही मनुष्य के लिए संसार में कोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है। -वाल्मीकि

# भारत विरोधी ताकतों के चंगुल में फंस रहा है बांग्लादेश

बांग्ला देश धीरे-धीरे भारत विरोधी ताकतों के चंगुल में फंसता जा रहा है। शेख हसीना सरकार को गिराने के बाद कट्टरपंथियों के हौसले बुलंद है। अगस्त में जब से शेख हसीना सरकार का तख़्ता पलट हुआ, तब से भारत विरोधी ताकतों ने कब्ज़ा जमाया है। मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाला बांग्लादेश भारत को आंख दिखा रहा है। वहां से भारत के खिलाफ बयान दिए जा रहे हैं। वहीं पाकिस्तान और चीन से अच्छे ताल्लुकात बनाए जा रहे हैं। शेख हसीना के खिलाफ वहां चले आंदोलन को पाकिस्तान का पूरा समर्थन हासिल था। इस आंदोलन में छात्रों के साथ, वहां की दक्षिणपंथी पार्टी बीएनपी के सदस्य भी थे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी पर लगी पाबंदी हटा दी है।

मोहम्मद यूनुस को अब जमात-ए-इस्लामी की कठपुतली के तौर पर देखा जाने लगा है। तख़्ता पलट के फौरन बाद ही बांग्लादेश की जेलों से कई कट्टरपंथी आतंकी रिहा कर दिए गए। निर्वाचित सरकार को गिराने के बाद कट्टरपंथी ताकतों ने खुलेआम हिन्दुओं और उनके पूजा स्थलों पर हमले शुरू कर दिए है। विदेश मंत्रालय ने खुलासा किया कि बांग्लादेश में साल 2024 में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के 2,200 मामले सामने आए। ये मामले पड़ोसी देश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद सामने आए हैं। सरकार ने बताया कि इसी अवधि के दौरान पाकिस्तान में भी ऐसे 112 मामले सामने आए। साथ ही बांग्ला देश के वर्तमान शासकों ने पाकिस्तान से पींगे बढ़ानी भी शुरू कर दी है। इससे उनके खतरनाक इरादों का पत्ता चलता है। 1971 में जब बांग्लादेश डूब रहा था तो भारत ने अपना पैसे, हथियार और सैनिक दांव पर लगाकर उसकी रक्षा की और आजादी दिलाई। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने बांग्ला देश की सेना को प्रशिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। बांग्ला देश के निर्माता शेख मुजीबुर्रहमान की यादों और उनके स्मारकों को तहस नहस किया जा रहा है। ढाका में शेख मुजीबुर्रहमान की मूर्ति को तोड़ा गया और कई सार्वजनिक स्थानों पर लगी उनकी नेमप्लेट को हटाया गया। यही नहीं जॉय बांग्ला को अब राष्ट्रीय नारा नहीं माना जाएगा। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेशी सरकार ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान ने 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस नारे का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था।

पाकिस्तान और बांग्ला देश में जब भी कोई सियासी घटनाक्रम होता है उस दौरान उपद्रवी कट्टरपंथी तत्व अल्पसंख्यकों पर सबसे पहले हमले शुरू कर देते है। दोनों मुस्लिम देशों में हिंदू आबादी हमेशा निशाने पर रही है। यही वजह है कि वहां साल-दर-साल हिंदुओं की आबादी घटती जा रही है। विशेषकर हिन्दू और हिंन्दू मंदिर उनके निशाने पर होते है। हम बात कर रहे है बांग्ला देश के सियासी घटनाक्रम पर जहां प्रधान मंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देकर भागने के बाद देश के अंदर हिंदुओं के ऊपर अत्याचार शुरू हो गया है।

बांग्लादेश में जगह-जगह पर हिंदू मंदिरों और हिंदू समुदाय पर हमले की खबरें आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि हिंदुओं के घरों और मंदिरों को निशाना बनाया गया है। इस्कॉन और काली मंदिर पर हमले हुए हैं, जिसके बाद हिंदुओं को जान बचाने के लिए छिपना पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं को घरों से निकाल कर पीटा जा रहा है। उनकी दुकानों में लूटपाट की जा रही है। रंगपुर से हिंदू काउंसलर काजल रॉय की उपद्रवियों ने हत्या कर दी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर सालों से हमले होते आ रहे हैं। हिंदुओं के मंदिर, घर, दुकानों, पांडाल में तोड़फोड़ और लूटपाट की खबरें सामने आती रही हैं। हिन्दू इलाकों में भयावह चीख पुकार मची है कि उसे सुनने वालों के रोंगटे खड़े हो जाएं। खौफ में जी रहे हिन्दू सवाल पूछ रहे हैं कि वो जाए तो कहां जाएं। कट्टरपंथियों ने हिन्दुओं के घरों में ऐसी तबाही मचाई की पीड़ित परिवार रोते-बिलखते दिखे। बांग्लादेश में कई जगहों पर हिन्दुओं के रिहायशी इलाके में भीड़ ने हमला कर दिया, इस दौरान हिन्दुओं के घरों को जला दिया गया और जमकर तोड़फोड़ की गई। जिसके बाद हिन्दू समुदाय वहां अपनी जान की हिफाज़त की गुहार लगाता नज़र आया। इससे पहले भी बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर और हिंदुओं पर हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं। सरकार और प्रशासन हमलावरों के खिलाफ कोई सख्त कार्यवाही अमल में लाने पर नाकारा साबित होते है जिससे हमलावरों के हौसले बुलंद होते है। बांग्लादेश में 1 करोड़ 30 लाख की हिन्दू आबादी बताई जा रही है।

**पाकिस्तान और बांग्ला देश दोनों ही इस्लामिक देश है। दोनों ही देशों में कट्टरपंथी ताकतें शासन प्रशासन पर हावी है। इन दोनों इस्लामिक देशों में हिन्दू अल्पसंख्यक है जिन पर आये दिन हमले होते रहते है। हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों को भी लगातार निशाना बनाया जाता है। आज़ादी के बाद पाकिस्तान और बांग्ला देश में सैंकड़ों हिन्दू मंदिरों को नेस्तनाबूद कर दिया गया।**

पाकिस्तान और बांग्ला देश दोनों ही इस्लामिक देश है। दोनों ही देशों में कट्टरपंथी ताकतें शासन प्रशासन पर हावी है। इन दोनों इस्लामिक देशों में हिन्दू अल्पसंख्यक है जिन पर आये दिन हमले होते रहते है। हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों को भी लगातार निशाना बनाया जाता है। आज़ादी के बाद पाकिस्तान और बांग्ला देश में सैंकड़ों हिन्दू मंदिरों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। दोनों ही इस्लामिक देशों में हिंदू संस्कृति संकट में है। हाल यह है कि हिंदुओं को मंदिरों में पूजा करने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। इन देशों में अल्पसंख्यक की महिलाओं के साथ रेप, मर्डर जैसी घटनाएँ आए दिन सामने आती रहती हैं।

अल्पसंख्यकों की जिंदगी पाकिस्तान और बांलादेश दोनों में नर्क है। यहां पर आए दिन हिंदू परिवारों के साथ उत्पीड़न का मामला आता रहता है। हिंदूओं को जबरन इस्लाम कबूल करने पर मजबूर किया जाता है। हिंदू बेटियों का धर्म परिवर्तन कर जबरन मुस्लिम पुरुषों से निकाह कराया जाता है। आए दिन हिंदू लड़कियों के साथ रेप के मामले सामने आते रहते हैं। विभाजन के समय पाकिस्तान में 23 प्रतिशत हिंदू-सिख थे आज घटकर 2 प्रतिशत बचे हैं।

बांग्लादेश में भी अब पाकिस्तान जैसे हालात उत्पन्न होते जा रहे हैं। एक स्टडीज के मुताबिक बांग्ला देश में 1951 में हिंदुओं की आबादी 23 प्रतिशत थी, जो 2017 में घटकर 9 फीसदी रह गई। अब तो ओर भी कम हो गई है। बांग्लादेश मानवाधिकार संगठन ऐन ओ सलीश केंद्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2013 से 2021 तक बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाते हुए 3600 हमले हुए। इस दौरान हिंदू महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के कई मामले भी सामने आए। एक आंकड़े के मुताबिक बीते समय बांग्लादेश में 150 से अधिक हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया था। इस स्टडी के अनुसार, इन 10 वर्षों के दौरान हिंदुओं के खिलाफ हमलों में एक हज़ार से अधिक घरों और 600 दुकानों और व्यवसायों को निशाना बनाया गया और उनमें तोड़फोड़ और आगजनी की गई। इस दौरान हिंदू मंदिरों, मूर्तियों और पूजा स्थलों में तोड़फोड़ और आगजनी के दो हज़ार से अधिक मामले दर्ज किए गए। ऑल पाकिस्तान हिंदू राइट्स मूवमेंट के एक सर्वे के अनुसार, साल 1947 में जब भारत-पाकिस्तान अलग हुए तो पाकिस्तान के हिस्से में 428 मंदिर मौजूद थे। मगर 1990 के बाद इनमें 408 मंदिरों को रेस्टोरेंट, होटल, दफ्तर, सरकारी स्कूल या मदरसे में तब्दील कर दिया गया। पाकिस्तान में अब केवल 22 हिंदू मंदिर ही बचे हुए हैं।

**-अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# मिट्टी और धूल का जटिल रिश्ता

**मां** अक्सर कहा करती थी, जहाँ के पेड़-पौधे पहचान में आने बंद हो जाये, वहाँ आदमी पराया हो जाता है। जब मैं छोटा था, यह बात मुझे बस एक साधारण सी कहावत लगती थी। लेकिन आज, जब मैं उनकी ज़िंदगी को देखता हूँ, तो यह समझ आता है कि मिट्टी और धूल का रिश्ता कितना जटिल और गहरा है।

मां की अपनी मिट्टी दिल्ली थी। वहीं उनका जन्म हुआ, वहीं उनकी पहचान बनी। दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं था, वह उनकी आत्मा का हिस्सा था। अंग्रेज़ी अखबार पढ़ना, आधुनिक सोच रखना, और अपने लिए सही निर्णय लेना उनकी खासियत थी। इतनी आत्मनिर्भर थीं कि मेरे छोटे शहर के वेटरनरी डॉक्टर पिता को शादी के लिए पहली बार में मना कर दिया था-उन दिनों यह असाधारण बात थी। लेकिन जब शादी हुई और उनका जीवन बीकानेर जैसे छोटे शहर की ओर मुड़ा, तो उनकी पूरी दुनिया ही बदल गई।

बीकानेर उनके लिए एक पराई जगह थी। दिल्ली की चहल-पहल और आधुनिकता से दूर, यह एक शांत, रूढ़िवादी शहर था। लेकिन मां ने धीरे-धीरे इसे अपनाया। हालाँकि, यह यात्रा आसान नहीं थी। मेरे दादाजी, जो हमारे साथ रहते थे, बेहद नियंत्रक स्वभाव के थे। मां को बीकानेर में रहकर उनकी देखभाल करनी पड़ी, जबकि पिता काम के सिलसिले में गाँवों और कस्बों में समय बिताते थे। घर में छोटी बहू होने के कारण, उन्हें जेठानी की सामाजिक ताकत और आर्थिक साधनों के आगे अक्सर झुकना पड़ता था।

फिर भी, मां ने अपनी पहचान बनाई। शायद उनके अपने बेटों की मां बन जाना उनकी सबसे बड़ी जीत थी। या शायद, यह उनका सबसे बड़ा अफसोस। उन्होंने बीकानेर में अपना घर बसाया, हमारे लिए एक सुरक्षित दुनिया बनाई और हर वह जिम्मेदारी निभाई, जो एक निम्न-मध्यमवर्गीय महिला से अपेक्षित होती है। लेकिन जिस घर में उन्होंने खुद को एक नींव की तरह स्थापित किया था, वहाँ भी उनका नियंत्रण एक तरफा था।

मां का स्नेह उनके पति के अस्पताल के स्टाफ तक ज़्यादा फैला लेकिन इस स्नेह के पीछे एक गहरी नियंत्रण की प्रवृत्ति भी थी। समय-समय पर बदलते सहायक उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गए थे, लेकिन मां का उनके साथ व्यवहार अक्सर कठोर होता था। शायद यह उनकी अपनी असुरक्षाओं और उन सामाजिक अन्यायों की प्रतिक्रिया थी, जो उन्हें छोटी और कम साधन-सम्पन्न बहू होने के कारण झेलने पड़े। जिन रिश्तों ने मां को सबसे अधिक प्रेम और सम्मान दिया, वहाँ भी एक दूरी बनी रही। हमारा समाज भी ख़ून के रिश्तों का कुछ ज़्यादा ही पिछलग्गू है।

धीरे-धीरे बीकानेर मां की मिट्टी बन गया। उन्होंने वहाँ की जड़ों में खुद को पूरी तरह समा लिया था। यह शहर उनके अस्तित्व का हिस्सा बन गया। लेकिन यह स्थिरता तब तक कायम रही, जब तक पिता जीवित थे। उनके जाने के बाद, बीकानेर की मिट्टी उनके लिए दरकने लगी। वह घर, जो कभी उनका आश्रय था, अब उन्हें एक चौराहे पर खड़ा कर गया। हम दोनों भाई, जो पहले से ही अमेरिका में थे, उनके जीवन का अगला कदम तय करने लगे। मां के पास अब भारत में टिके रहने का कोई साधन नहीं बचा था। उनका जीवन अब एक नई दिशा में बढ़ रहा था-धूल बनने की ओर। जब मां अमेरिका आईं, तो हमने उन्हें हर संभव आराम देने की कोशिश की। बड़े घर, बेहतर सुविधाएँ, और परिवार का साथ। लेकिन उनके मन में हमेशा एक खालीपन था। उनके आसपास लोग थे, लेकिन वह समुदाय नहीं, जिसकी वह आदी थीं। अमेरिका का समाज, जहाँ रिश्तों में बराबरी का भाव अधिक है, मां के लिए अजनबी था। कभी-कभी मुझे लगता है कि यह मेरा भ्रम था, लेकिन मां के चेहरे पर वह अपनापन और वह जुड़ाव कभी नहीं दिखा। भारतीय समाज में बहू और सास का रिश्ता अक्सर बेटे या पति को जीतने की होड़ में उलझ जाता है। जो रिश्ता प्यार और सम्मान पर आधारित होना चाहिए, वह अधिकार और नियंत्रण की लड़ाई में बदल जाता है। यहाँ अमेरिका में जहाँ बड़ों से रिश्ते अक्सर न तो अधिकार की मांग करते हैं और न ही नियंत्रण की, मां का मन अपनी पुरानी सामाजिक ढाँचों की पहचान को कहीं खोया हुआ महसूस तो करता होगा। अमेरिका में मां धूल की तरह उड़ती रहीं-कभी मेरे पास, कभी मेरे भाई के पास। वह हर बार बसने की कोशिश करतीं, लेकिन धूल का स्वभाव यही है-वह कहीं टिकती नहीं। पिछले साल हमने मां को दिल्ली के पास एक सीनियर लिविंग होम में शिफ्ट किया। यह निर्णय हमारे लिए मुश्किल था, लेकिन हमने सोचा कि शायद यह उनके लिए राहतभरा होगा। उनकी अपनी मिट्टी-उनकी भाषा, उनका भोजन, उनका माहौल-सब कुछ फिर से उनके पास था।

पर शायद यह बहुत देर से हुआ। उनकी बिगड़ी हुई आँखें, कमज़ोर शरीर और समाज से कटा हुआ जीवन-शायद यह सब उन्हें पूरी तरह से इस नई जगह से जुड़ने नहीं दे पाया। वह हमेशा कहतीं, यह घर नहीं है, लेकिन जब उन्हें वापस घर लाने का विकल्प दिया गया, तो उन्होंने इनकार कर दिया। ऐसा लगा, जैसे वह खुद को धूल बनने और अंततः मिट्टी में लौटने के लिए तैयार कर रही थीं। यह घर उन्हें सहारा देता था, लेकिन वह कभी पूरी तरह से अपना नहीं बना सकीं।

चार महीने। बस चार महीने। मां दिल्ली की मिट्टी में लौटीं और फिर उसी मिट्टी का हिस्सा बन गईं। उनकी अचानक मृत्यु ने हमें झकझोर कर रख दिया। आज जब मैं उनकी ज़िंदगी को पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो सोचता हूँ कि सही क्या था, और ग़लत क्या। क्या मां को कभी अमेरिका लाना ही नहीं चाहिए था? क्या उन्हें बीकानेर में ही रहने देना चाहिए था, जहाँ वे मिट्टी बन चुकी थीं? या यह सब नियति का खेल था, जिसमें मां को मिट्टी से धूल और फिर धूल से मिट्टी बनना ही था? मिट्टी स्थिरता देती है, वह जुड़ाव देती है। धूल स्वतंत्रता देती है, नए अनुभव देती है। लेकिन धूल का एक अकेलापन है। वह बहती रहती है, पर कहीं टिक नहीं पाती। मां ने दोनों जिंदगियाँ जीं। बीकानेर में मिट्टी बनकर उन्होंने एक परिवार को सींचा। अमेरिका में धूल बनकर उन्होंने अपने बच्चों के लिए वह बलिदान दिया, जो शायद हर मां करती है। लेकिन अंत में, उनका मन हमेशा अपनी मिट्टी के लिए तड़पता रहा।

शायद हर धूल को अपनी मिट्टी में लौटने का रास्ता मिलना चाहिए। मां की कहानी ने मुझे यह सिखाया कि जुड़ाव और स्थिरता इंसान को आखिर तक सुकून देती है। धूल भले ही उड़ने के लिए स्वतंत्र हो, लेकिन अंततः मिट्टी ही उसे थाम लेती है।

**-डॉ. पंकज राजवंशी,**
**सिएटल ( अमरीका ) में एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट है**

# केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने काजरी शोध क्षेत्रों का भ्रमण किया

**जोधपुर,** (कासं)। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने काजरी शोध क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा वैज्ञानिकों से संवाद किय। उन्होंने समन्वित कृषि कैफेटेरिया फलोउद्यानिकी, परिशुद्ध कृषि ब्लाक तथा काजरी फार्म में लगी विभिन्न फसलों, पेड़-पौधे, कृषि तकनीकियों के बारे में वैज्ञानिकों से विस्तार से जानकारी ली।



केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने काजरी का दौरा किया।

- **शिवराज सिंह चौहान ने बेर टमाटर, चैरी टमाटर, अमरूद एवं बाजरा लड्डू का जायका भी लिया**

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प किसानों की आय को बढ़ाना है। खेती से किसान को अच्छी आय हो और देश में अनाज, फल आदि के भण्डार भरे रहे, इसके लिए आईसीएआर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती से मुनाफा बढ़ाने के लिए उन्हें जल्दी पकने वाली, कम समय, कम पानी की आवश्यकता वाली, लागत कम और मुनाफा अधिक हो ऐसी किस्में उपलब्ध करवायी जा रही है, ताकि किसान की आय बढ़े। कृषि मंत्री ने कहा कि खेती में लाभ अर्जित के लिए कृषि में विविधिकरण होना आवश्यक है। मुझे खुशी है कि काजरी संस्थान में जो समन्वित कृषि कैफेटेरिया एवं विभिन्न कृषि प्रणालियों के मॉडल विकसित किये हैं वो वर्षभर आमदनी के दृष्टि से फायदेमंद है। उन्होंने हाइड्रोपोनिक एवं एरोपोनिक सिस्टम के बारे में जानकारी ली और कहा कि संरक्षित खेती के क्षेत्र में संस्थान में अच्छा शोध कार्य हो रहा है। कम लागत के नेट हाउस के उपयोग को और बढ़ावा देना चाहिए तथा पढे लिखे युवाओं को इससे जोड़ना चाहिए। उन्होंने बेर टमाटर, चैरी टमाटर, अमरूद एवं बाजरा लड्डू का जायका भी लिया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वैज्ञानिकों के साथ बैठक ली तथा किसानों से संवाद किया। उन्होंनें कृषि की नवीन तकनीकियों एवं संस्थान के शोध कार्यो को सराहा तथा संस्थान के निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव एवं वैज्ञानिकों को बधाई दी। शहर विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि मारवाड़ में बारिश कम होती है। काजरी ने कम पानी में अच्छी उपज देने वाली किस्में विकसित की है जिससे किसान लाभान्वित हुआ है। काजरी निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि के विकास एवं खेती से मुनाफा हो किसानों की आय बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकियों नवीन किस्मों, नवीन कृषि प्रणालियों सौर उर्जा के उपयोग तथा गावों में तकनीकी हस्तांतरण के द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के सफल प्रयास किये गये हैं। देश का प्रथम एग्रो वोल्टिक प्रणाली मॉडल यहां विकसित किया गया है, जिससे बिजली उत्पन्न होती है, फसल होती है एवं पानी संग्रहण भी होता है। संस्थानों को कृषि के शोध क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय योगदान के आईसीएआर के सात अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. एसपीएस तंवर, डॉ. पी. सान्तरा, डॉ. आर.के. कांकाणी, डॉ. पी.आर. मेघवाल, डॉ. आर.एन. कुमावत, पीएमई प्रभारी डॉ. पीसी महाराणा, डॉ. प्रदीप कुमार, वित्त नियंत्रक सुनीता आर्य उपस्थित रहे। वहीं राष्ट्रीय सचिव किसान मोर्चा शेलारम सारण भी उपस्थित थे।

# पैंथर ने आबादी क्षेत्र में गाय को शिकार बनाया

- **गनीमत रही कि पैंथर ने मकान के बाहर मौजूद बच्चे व किसी पुरुष पर हमला नहीं किया**
- **ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर लकड़ी व पत्थर मारकर पैंथर को भगाया**

**कानोड़,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत अकोला के पीपलवास रोड जलेबी रोयण फले में आबादी क्षेत्र में घुसे पैंथर ने गाय पर हमला कर उसे अपना शिकार बनाया।

गाय मालिक लोगर पुत्र वजेराम मीणा, निवासी पीपलवास ने बताया कि गाय उनके मकान के पास बने बाड़े में बंधी थी। दिन में करीब चार बजे पैंथर ने गाय पर हमला कर दिया, आवाज सुनकर उनका पुत्र बाहर आया और डर के मारे जोर-जोर से चिल्लाने लगा। रोने की आवाज सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और लकड़ी व पत्थर मारकर पैंथर को मौके से भगाया। गनीमत रही कि पैंथर ने मकान के बाहर मौजूद बच्चे व किसी पुरुष पर हमला नहीं किया व समय रहते ग्रामीणों ने पैंथर को भगा दिया वरना जनहानि हो सकती थी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी, लेकिन देर शाम तक विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

पैंथर की लगातार पीपलवास क्षेत्र में मूवमेंट देखी जा रही है। बीते लंबे समय से कई बार पैंथर आबादी क्षेत्र में आकर जानवरों को शिकार बना चुका है। बीते एक सप्ताह में तीसरी घटना को अंजाम देते हुए एक गाय को मार दिया। चार दिन पूर्व भी पैंथर ने हमला करते हुए आबादी क्षेत्र एक बाड़े में बंधे दो बकरों को अपना शिकार बनाया था। बीते लंबे समय से वन विभाग अधिकारी व कर्मचारियों की क्षेत्र की घटनाओं पर कोई नजर नहीं दिख रही है।

ग्रामीणों में बताया कि लगातार विभाग अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद मौके पर कोई नहीं पहुंचता, जिससे उन्हें डर बना हुआ है। शुक्रवार को भी ग्रामीणों ने विभाग के स्थानीय वनपाल को दूरभाष पर बताया लेकिन देर शाम तक विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।





पुष्कर के सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने रेतिले धोरों में मिट्टी की प्रतिमा बनाकर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी।

# आयोग ने वर्ष 2025 में प्रस्तावित परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2025 के जनवरी से दिसंबर माह तक आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रमानुसार जनवरी से दिसंबर माह तक 31 भर्तियों के अन्तर्गत कुल 162 परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें आयोग द्वारा 210 प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं का आयोजन 80 दिवसों में किया जाएगा।

आयोग की परीक्षाओं के संदर्भ में विगत समय से अभ्यर्थियों की अपेक्षा रही है कि संघ लोक सेवा आयोग की भांति राजस्थान लोक सेवा द्वारा भी भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी किया जाए ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु समुचित समय मिल सके। इसी के दृष्टिगत आयोग द्वारा परीक्षा की प्रस्तावित परीक्षा दिनांक विज्ञापन के साथ अथवा कुछ समय के बाद ही जारी करते हुए नियत कार्यक्रमानुसार परीक्षाओं के आयोजन का प्रयास किया जा रहा है। आयोग द्वारा वर्ष 2025 में प्रस्तावित परीक्षाओं के कार्यक्रम में 10 भर्ती परीक्षाओं की पूर्व में प्रस्तावित दिनांक में संशोधन एवं 7 अन्य भर्ती परीक्षाओं की प्रस्तावित परीक्षा तिथि को सम्मिलित किया गया है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 28 दिसम्बर, 2024**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 10:13 तक, शूल योग रात्रि 10:23 तक, गर करण दिन 3:00 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा रात्रि 3:33 से आरम्भ होगी। शुक्र कुम्भ राशि में रात्रि 11:40 पर प्रवेश करेगा। आज शनि प्रदोष व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:36 से 9:53 तक, चर 12:28 से 1:46 तक, लाभ-अमृत 1:46 से 4:20 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:19, सूर्यास्त 5:38

**मेष**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 263 प्रभात जालोर, शनिवार 28 दिसम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# 11:45 बजे निगमबोध घाट पर होगा पूर्व प्र.मंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार

## डॉ. सिंह की पत्नी गुरुशरण कौर ने आम जनता के इस श्मशान का चयन किया है

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अन्त्येष्टि शनिवार को पूर्वान्ह 11:45 बजे निगम बोध घाट पर होगी, जो आम लोगों का श्मशान है। यह निर्णय उनकी विधवा गुरुशरण कौर कोहली ने लिया है।

दाह संस्कार के बारे में संयुक्त गृह सचिव जी. पार्थसारथी द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है: "रक्षा मंत्रालय से निवेदन है कि पूरे सैन्य सम्मान के साथ राजकीय अंतिम संस्कार के लिये व्यवस्था करे।"

सरकार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के इस निवेदन को स्वीकार नहीं किया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का दाह संस्कार यमुना नदी के किनारे पर किसी विशिष्ट एवं एकांत स्थल पर किया जाये। सरकार सूत्रों ने कहा कि अंतिम संस्कार के स्थान का अंतिम निर्णय डॉ. मनमोहन सिंह की धर्मपत्नी गुरुशरण कौर कोहली की

- **गृह मंत्रालय की ओर से निगमबोध घाट पर सरकारी अधिसूचना भेजी गई है, जिसके अनुसार सारी तैयारी रक्षा मंत्रालय करेगा।**
- **केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक फरवरी तक राजकीय शोक की घोषणा की। इस दौरान भारत में और दुनिया भर में सभी भारतीय दूतावासों में भारतीय झण्डा आधा झुका रहेगा।**

सलाह के अनुरुप लिया गया है।

परिवार डॉ. मनमोहन सिंह की पुत्री अमृत सिंह ने अमेरिका से आने का इंतजार कर रहा है। वे मानवाधिकार वकील तथा स्टैनफोर्ड लॉ स्कूल में प्रैक्टिस ऑफ लॉ की प्रोफेसर हैं।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा 1 जनवरी तक, सात दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। एक जनवरी तक की राजकीय शोक की अवधि में, सम्पूर्ण भारत के साथ ही, विदेश स्थित सभी भारतीय मिशनों, हाई कमीशनों राष्ट्रीय ध्वज, ध्वज-दंड की आधी ऊंचाई पर फहरेगा।

डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। स्टेट फ्यूनरल वाले दिन केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के केन्द्रीय प्रतिष्ठानों में आधे दिन का अवकाश रहेगा।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल छब्बीस दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज में हुई, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

डॉ. मनमोहन सिंह 1991 से 1996 के बीच देश के वित्तमंत्री रहे। आर्थिक सुधारों की व्यापक एवं विचक्षण नीति के शुभारम्भ में उनकी भूमिका सर्वविदित है। डॉ. सिंह 22 मई, 2004 को भारत के प्रधानमंत्री बने तथा 2014 तक, दो कार्यकालों के लिए, वे इस पद पर रहे।

डॉ. मनमोहन सिंह ने हमारे राष्ट्रीय जीवन पर अपनी विशिष्ट छाप छोडी है। उनके सदैव के लिए चले जाने से, राष्ट्र ने एक उत्कृष्ट राजनेता, एक सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री तथा एक विशिष्ट नेता खो दिया है।

मंत्रिमंडल ने सरकार तथा पूरे राष्ट्र की ओर से शोक संतप्त परिवार को हार्दिक शोक-संवेदनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

जयपुर, 27 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को गहरा शोक व्यक्त किया। शर्मा ने कहा कि डॉ. सिंह ने छोटे से गांव एवं साधारण परिवार से निकलकर ज्ञान और समर्पण से देश को आर्थिक सुधारों के एक नए युग में प्रवेश कराया। वित्त मंत्रालय के सचिव, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, केन्द्रीय वित्त मंत्री एवं

- **उन्होंने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह के विनम्र और सहज व्यक्तित्व ने उन्हें सार्वजनिक जीवन में विशेष स्थान दिलाया।**

प्रधानमंत्री के रूप में देश सेवा में अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। उनके विनम्र और सहज व्यक्तित्व ने सार्वजनिक जीवन में उन्हें विशेष स्थान दिलाया। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिवारजनों को यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# क्या भाजपा स्व. प्र.मंत्री सिंह की स्मृतियों व सहानुभूति पर भी कब्जा कर लेगी?

## शुक्रवार को दिन भर टी.वी. चैनल्स का मनमोहन सिंह की मृत्यु पर प्र.मंत्री मोदी का महिमा मण्डन करते हुए संवदेनापूर्ण शोक संदेश कई बार प्रसारित हुआ

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की मृत्यु हुए अभी 24 घंटे भी नहीं हुए है कि भाजपा ने उनकी विरासत को हथियाने के प्रयास शुरु कर दिए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुबह प्रधानमंत्री मोदी से बात की और कहा कि सरकार डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार के लिए जमीन आवंटित करे और वहाँ उनकी समाधि बनाई जानी चाहिए। इसके बाद प्रधानमंत्री को एक पत्र भेजा गया जिसमें डॉ. सिंह की विरासत के बारे में बताया गया।

लेकिन शुक्रवार देर शाम गृह मंत्रालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी और कहा कि अंतिम संस्कार शनिवार को 11:45 बजे निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। चूंकि यह राजकीय "फ्यूनरल" है इसलिए सारी व्यवस्था रक्षा मंत्रालय करेगा।

शुक्रवार शाम कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में डॉ. मनमोहन सिंह को श्रृद्धांजलि दी गई ओर प्रस्ताव पारित किया गया।

- **कई चैनल्स ने तो हवा बनानी शुरु कर दी है कि डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेस पार्टी से वह समर्थन व सम्मान कभी नहीं मिला, जिसके वे हकदार थे।**
- **यह कहने का प्रयास किया गया है कि सोनिया गांधी का व्यवहार पूर्व प्र.मंत्री के साथ ठीक नहीं था तथा सोनिया गांधी ने डॉ. मनमोहन सिंह को दबाव में रखा, अपना एजेंडा पूरा करवाने के लिए।**
- **हालांकि, पहले भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री पर व्यंग करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी तथा प्र.मंत्री मोदी ने तो यह तक कहा था कि मनमोहन सिंह ऐसे व्यक्ति हैं, जो "रेन कोट" पहन कर "शावर" लेते हैं।**
- **और अब दिवंगत प्र.मंत्री के प्रति इतनी सहानुभूति कुछ अटपटी बात तो लगती है।**
- **डा. मनमोहन सिंह की धरोहर पर कब्जा करने के लिए, भाजपा यह अटपटी स्थिति भी सहने को तैयार है।**
- **क्या डॉ. मनमोहन सिंह के प्रति इतनी संवेदना इसलिये भी है, क्योंकि वे "गैर गांधी" प्र.मंत्री थे।**

मजे की बात यह है कि सरकार समर्थक प्रमुख टी.वी. चैनल डॉ. मनमोहन सिंह को लगातार कवरेज दे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चारागाह जमीन पर अतिक्रमण क्यों नहीं हटा

जयपुर, 27 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने दौसा जिले की लोटवाडा ग्राम पंचायत में चारागाह जमीन पर अतिक्रमण के मामले में, जिला कलेक्टर को शपथ पत्र पेश कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का ब्यौरा देने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने 10 जनवरी को कलेक्टर को हाजिर होकर इस संबंध में अपना जवाब देने को कहा है। चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने ये आदेश कैलाश चन्द की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा

- **हाई कोर्ट ने दौसा कलेक्टर से 10 जनवरी को हाजिर होकर जवाब देने को कहा।**

कि साल 2021 में इस भूमि से अतिक्रमियों को बेदखल करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन अधिकारियों ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। वहीं अदालत की ओर से रिपोर्ट मांगने पर 9 दुकानों को सील कर 2 दुकानों के अतिक्रमण को हटाया गया। अदालत ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि ग्राम पंचायत की ओर से अतिक्रमियों का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि यह पंचायत का काम नहीं है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा ने अदालत को बताया कि गांव की करीब छह बीघा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बिहार में सत्तारूढ़ एन.डी.ए. गठबंधन में एक बार फिर खलबली मची

## अमित शाह की चुप्पी, डिप्टी सी.एम. सिन्हा और गिर्राज सिंह के बयानों ने आग में घी डाला

- श्रीनंद झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 27 दिसंबर। खोटे सिक्के की तरह बिहार के बारे में एक प्रश्न बार-बार सामने आ जाता है : क्या नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा को छोड़कर आर. जे. डी. के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल होंगे?

विधान सभा चुनाव एक साल के अंदर होने हैं, ऐसे में राज्य की राजनीति में फिर से उथल-पुथल शुरू हो गई है। नीतीश कुमार भविष्य में कौन सी राजनीतिक चालें चलेंगे, इस बात को लेकर अटकलबाजियां शुरू हो गई हैं और इसके पीछे कारण माना जा रहा है- गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी।

यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा, किसी एक नेता को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में प्रोजैक्ट नहीं करने के महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करेगी, गृह मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। इससे नीतीश कुमार के निष्ठावान समर्थक शंकित व चकित तो हो ही गए, साथ ही भाजपा नेता तथा दो में से एक उपमुख्यमंत्री,

- **गृह मंत्री अमित शाह से पूछा गया था कि क्या भाजपा मुख्यमंत्री प्रोजैक्ट नहीं करने के महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करेगी बिहार में, तो शाह ने कुछ नहीं कहा। शाह की चुप्पी से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं।**
- **बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा ने वाजपेयी के जयंती कार्यक्रम में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री का सपना तभी साकार होग, जब बिहार में भाजपा की अपनी सरकार बनेगी।**
- **कुमार की चिंता को और बढ़ाते हुए केन्द्रीय मंत्री गिर्राज सिंह ने नीतीश को भारत रत्न देने की मांग की। इस बयान का मंतव्य यह लगाया जा रहा है कि यह कुमार को एन.डी.ए. के मार्गदर्शक मंडल में भेजने की चाल है।**

विजय कुमार सिन्हा ने इस चिंता को और बढ़ा दिया।

स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती के समारोह में बोलते हुए, सिन्हा ने चेतावनी भरे संकेत दिए। उन्होंने कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री का सपना तभी पूरा होगा, जब भाजपा अपनी सरकार गठित करेगी। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने वक्तव्य से इस स्थिति को और बिगाड़ दिया, हालांकि वे नीतीश कुमार की प्रशंसा कर रहे थे और उनके लिए भारत रत्न की मांग कर रहे थे। सिंह के वक्तव्य का अर्थ यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मणिपुर के लोगों के हृदय में मधुर स्मृतियां हैं, पूर्व प्र.मंत्री स्व.डॉ. सिंह की

## प्र.मंत्री के रूप में दस साल के कार्यकाल में डॉ. सिंह तीन बार मणिपुर गए थे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। तीन मई, 2023 से मणिपुर में लगातार चल रहे संघर्ष एवं जातीय तनावों के बीच, मणिपुर की जनता ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान उनके तीन महत्वपूर्ण दौरों के लिये उन्हें बड़ी आत्मीयता से याद किया। दूसरी तरफ, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संघर्ष-त्रस्त राज्य के लोगों से जाकर मिलने से इंकार कर दिया है।

मनमोहन सिंह के उन दौरों ने मणिपुर को कष्ट देने वाले मुद्दों की विकटता को न केवल रेखांकित किया, बल्कि लम्बे समय से चली आ रही उनकी शिकायतों एवं परिवेदनाओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर स्थापित किये।

डॉ. मनमोहन सिंह का पहला दौरा ऐसे संकटपूर्ण समय पर हुआ था, जब राज्य जातीय हिंसा और उपद्रवों का सामना कर रहा था।

- **20 नवम्बर 2004 को वो पहली बार मणिपुर आए थे और असम रायफल्स के मुख्यालय रहे। काँगला फोर्ट को मणिपुर के सुर्पुद किया था। काँगला फोर्ट मणिपुर की जनता के लिए ऐतिहासिक एवं भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण रहा है।**
- **उसके दो साल बाद 2 दिसम्बर 2006 को सिंह कई विकास योजनाओं के साथ पुनः मणिपुर गए।**
- **तीसरी बार डॉ. सिंह 3 दिसम्बर 2011 को फिर मणिपुर पहुँचे और कई प्रोजैक्ट्स का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ सोनिया गांधी भी थी।**
- **हिंसा से जूझ रही मणिपुर की जनता डॉ. सिंह को ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में याद करती है, जिसने उनकी बात सुनी और संकट के समय त्वरित कदम उठाए।**

20 नवम्बर 2004 को उन्होंने काँगला फोर्ट को राज्य सरकार को सौंपे जाने का निरीक्षण किया था तथा इस प्रकार मणिपुरवासियों की दशकों से चली आ रही माँग को पूरा किया था। काँगला फोर्ट, जो "असम राइफल्स" का मुख्यालय रहा था, उपनिवेशीय तथा बाद के सैन्य प्रभुत्व का प्रतीक था। इसे राज्य की जनता को लौटाना अत्यधिक भावनात्मक एवं ऐतिहासिक महत्व का कार्य था।

उस अवसर पर आयोजित समारोह में डॉ. सिंह ने कहा था, "यह हम सबके लिये एक ऐतिहासिक दिन है। काँगला फोर्ट परिसर को मणिपुर सरकार को सौंपने के पावन अवसर पर आपके बीच आकर मैं बहुत प्रसन्न हूँ।

उनका यह दौरा आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर्स एक्ट (ए.एफ.एस.पी.ए.) के विरोध की पृष्ठभूमि के विरूद्ध था। यह विरोध असम राइफल्स की हिरासत में टी. मनोरमा की दुखद मृत्यु के बाद और ज्यादा बढ़ गया था।

उनकी शिकायतों को स्वीकार करते हुये, डॉ. सिंह ने मणिपुर की जनता को आश्वस्त किया था कि सरकार उनकी परेशानियों और चिन्ताओं का समाधान करेगी। उन्होंने ए.एफ.एस.पी.ए. (उफ्सपा) के प्रावधानों की समीक्षा के लिये एक कमेटी के गठन की घोषणा कर दी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विधवा ने जमीन हड़पने का आरोप लगाया

जयपुर। जमीनी विवाद के चलते हुए, झगड़े बाद एक विधवा महिला बेघर हो गई। महिला के पास न रहने के लिए छत है और न ही खाने के लिए दाने। इस मामले में पुलिस भी पीड़िता की सुनवाई नहीं कर रही है। मामला प्रागपुरा थाना इलाके का है। हालांकि विवाद एक परिवार के बीच का ही है। इस मामले को

- **न्याय नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री आवास के बाहर आमरण अनशन की घोषणा की।**

लेकर पाड़िता ने मीडिया से रुबरु होते हुए कहा कि अगर हमें न्याय नहीं मिला और संपत्ति में अधिकार नहीं दिया गया तो अपनी बहन संतोष देवी सैनी, बच्चों और अन्य रिश्तेदारों व रामनिवास वर्मा के साथ मुख्यमंत्री आवास के सामने आमरण अनशन करूंगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# काफी मंथन व मशक्कत हुई, दिवंगत डॉ. सिंह के अंतिम क्रियाकर्म स्थल के चयन से पहले

## इस स्थान पर, डॉ. सिंह के लिये स्मारक बनाने के प्रस्ताव पर भी शीर्ष स्तर पर चर्चा हुई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। शुक्रवार को यहाँ कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) की मीटिंग हुई, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रृद्धाजलि दी गई। हालांकि, तब तक यह तय नहीं था कि उनका अंतिम संस्कार कहाँ होगा, क्योंकि तब तक डॉ. सिंह के परिवार और सरकार के बीच सहमति नहीं बनी थी और चर्चा थी कि क्रियाकर्म राजघाट पर हो सकता हे।

पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार दिल्ली में एक निर्धारित स्थल पर होता आया है। कई पूर्व प्रधानमंत्रियों- जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया गया था। यह स्मारक महात्मा गांधी को समर्पित है।

- **जैसा कि विदित ही है, पूर्व प्र.मंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी का दाह संस्कार यमुना के तट पर राजघाट में हुआ था।**
- **कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्र.मंत्री मोदी से विधिवत् आग्रह किया कि डॉ. मनमोहन सिंह के लिये अलग से स्मारक बनाया जाए, जिससे डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत के राजनीतिक व इकोनॉमिक जीवन पर जो अमिट छाप छोड़ी है, वह सदा स्मरणीय रहे।**
- **राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आग्रह किया, डॉ. मनमोहन सिंह के लिये अलग से स्मारक बनवाने के लिये।**
- **दूसरी ओर प्र.मंत्री मोदी के डॉ. मनमोहन सिंह के बारे में रिकॉर्डेड क्लिप दिन भर टी.वी. पर दिखाये गये तथा काफी मंथन हुआ, इस बात पर कि उनका दाह संस्कार कहाँ होना चाहिए।**

डॉ. सिंह का शव उनके आवास 3, मोतीलाल नेहरू मार्ग में रखा गया है। शनिवार को सुबह उनके अंतिम अवशेष ए.आई.सी.सी. मुख्यालय ले जाए जाएंगे, जहाँ आम जनता व कांग्रेस कार्यकर्ता 8:30 बजे से 9:30 के बीच उन्हें श्रृद्धांजलि देंगे। इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा शुरु होगी और उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार स्थल ले जाया जाएगा। उनकी छोटी पुत्री शुक्रवार देर रात दिल्ली पहुँच गईं। चूंकि अंतिम संस्कार में परिजन का होना आवश्यक है, इसीलिए उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जा रहा है। हालांकि, उनका निधन गुरुवार रात को ही हो गया था।

सरकार ने शुक्रवार के सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए। कांग्रेस ने गुरुवार रात ही बेलगाम मीटिंग रद्द कर दी थी। सभी पार्टी नेता डॉ. सिंह को श्रृद्धांजलि देने दिल्ली पहुँच गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी उन्हें श्रृद्धांजलि देने उनके घर गए।

सिंह के शव को काँच के ताबूत में रखा गया है। तिरंगे में लिपटे शव को फूलों से सजाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी भी डॉ. सिंह के आवास पर गए और उन्हें श्रृद्धांजलि दी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान में 7 दिन का शोक

जयपुर, 27दिसंबर। राज्य सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर प्रदेश में सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। स्वर्गीय मनमोहन सिंह के सम्मान में राज्य में 26 दिसंबर, 2024 से 1 जनवरी 2025तक सात दिन का राजकीय शोक रहेगा। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा किसी भी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा।

- **राष्ट्रीयध्वज आधे झुके रहेंगे। अधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होंगे।**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन गुरुवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हो गया। भारत सरकार द्वारा स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। अंतिम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की दर्दनाक मौत

**श्रीडूंगरगढ़ के बिग्गा गांव के पास व डूंगरपुर के चौरासी थाना क्षेत्र में हुये हादसे**

## बीकानेर में ट्रक और कंटेनर की टक्कर में दो लोगों की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। श्रीडूंगरगढ़ से जयपुर की तरफ बिग्गा गांव के पास शुक्रवार सुबह एक हादसा हो गया। यहां ट्रक और कंटेनर दोनों आमने-सामने भिड़ गए, जिससे कंटेनर के केबिन में बैठे दो लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद आपणो गांव सेवा संस्थान के सदस्य मौके पर पहुंचे। पुलिस भी मौके पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर शवों को बाहर निकाला। शव इतनी बुरी तरह से फंस गए कि कटर मंगवाकर क्षतिग्रस्त गाड़ियों की बॉडी काटकर शव बाहर निकाला गया। दोनों वाहनों में भारी मात्रा में माल लोड था। कंटेनर में टाइल्स भरी हुई थी, जबकि ट्रक में मूंगफली भरी थी।

- युवक के शव को क्षतिग्रस्त गाड़ियों की बॉडी काटकर बाहर निकालना पड़ा
- सुबह कोहरे के कारण मोड़ पर दोनों वाहनों के ड्राइवर एक-दूसरे को देख नहीं सके और भिड़ गए
- कंटेनर में टाइल्स भरी हुई थी, जबकि ट्रक में मूंगफली भरी थी

जानकारी के अनुसार सुबह कोहरे के कारण मोड़ पर दोनों वाहनों के ड्राइवर एक-दूसरे को देख नहीं सके और भिड़ गए। टक्कर से जोरदार धमाके की आवाज हुई, जिससे आसपास की दुकानों से लोग भागकर मौके पर पहुंच गए। इसी रास्ते पर चलने वाली कई गाड़ियां रुक गई। दोनों वाहनों की टक्कर की बाद काफी सामान भी सड़क पर बिखर गया।

श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाने के एएसआई रविंद्र सिंह ने बताया कि कंटेनर के केबिन में बैठे ड्राइवर और एक अन्य की मौत हुई है। एक का नाम मांगीराम पुत्र दलाराम है। वो हीरानगर सोभणा, जैतमाल गुढ़ामलानी सियागो की ढाणी सिणधरी, बालोतरा का रहने वाला है। दूसरा साथी धर्माराम पुत्र प्रभुराम जाट निवासी लाखासर चौहटन का शव कई जगह से काट-काटकर बाहर निकाला गया। वहीं कंटेनर में सवार एक अन्य युवक इशाक पुत्र कासम खान निवासी रतनगढ़ चूरू घायल है। हादसे के समय कंटेनर जयपुर से बीकानेर की ओर आ रहा था, जबकि ट्रक बीकानेर से जयपुर की ओर जा रहा था।

## जीप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी

**हादसे में दो युवकों की मौत हो गई**

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र में बीती रात को एक जीप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सुपुर्द किया।

- डूंगरपुर के चौरासी थाना क्षेत्र के गैंजी घाटा की घटना

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौरासी थाना क्षेत्र के भिंडा गांव बड़ाकला फला निवासी बंशीलाल पुत्र मनजी परमार ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसका पुत्र कल्पेश परमार (21) अपने निजी काम से गुरुवार को मोटरसाइकिल से डूंगरपुर गया था। शाम को वापस घर लौटते समय उसके साथ रिश्तेदार महेशचंद्र कोटेड पीछे बैठे हुए थे। दोनों डूंगरपुर से सीमलवाड़ा मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल पर साथ आ रहे थे। गैजी घाटा के पास रामसागडा तिराहा पर एक मैक्स जीप तेज स्पीड से सीमलवाड़ा की तरफ से आ रही थी। जिसने सामने आकर मेरे बेटे की मोटरसाइकिल को जोर से टक्कर मार दी। उस समय मेरा भाई जीवा परमार और चंदुलाल परमार दूसरी मोटरसाइकिल पर पीछे आ रहे थे। उन्होंने मेरे बेटे कल्पेश और महेशचंद्र को गंभीर घायल अवस्था में गुरुवार रात को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों के शव रात को मोर्चरी में रखवाए, जहां पर शुक्रवार सुबह पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया है।

## ब्लैकमेल कर युवती से दुष्कर्म

**नोखा,** (निसं)। थाने में एक युवती के साथ रेप का मामला दर्ज हुआ है। थाने में पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि वह थाना क्षेत्र मे एक गांव में रहता है। सुबह-शाम उसे काम के चलते गांव से बाहर जाना पड़ता था। इस दौरान उसकी गैर मौजूदगी में कभी-कभी बेटी भी चली जाया करती थी। इस दौरान कैलाश बिश्नोई उससे बातचीत करने लगा। इसके बाद आरोपी ने जान पहचान बढ़ाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अश्लील फोटो खींच लिए। इसके बाद उसे धमकी देते हुए एक मोबाइल दे दिया। इसके बाद उसे डरा-धमकाकर कई बार रेप किया। कैलाश उसे धमकाकर अपने साथ ले गया। जब खोजबीन की तो पता चला कि वह कैलाश के घर पर है। जब वे आरोपी के घर पहुंचे तो बेटी काफी डरी हुई थी। इसके बाद उसने आपबीती सुनाई और फोटो वायरल करने की धमकी के बारे में बताया।

## सांभर में जमकर हुई मावठ

**सांभरझील,** (निसं)। यहां मावठ की पहली बारिश में ही सफाई व्यवस्था की पोल खुल कर सामने आ गई। गुरुवार की देर रात्रि से सांभर में रुक रुक कर बारिश का दौर शुक्रवार की शाम तक चला। बिना मापदंडों के गलत तरीके से बनाई गई सड़क का ढलान एक तरफ होने के कारण अंबेडकर भवन के आगे चारों ओर पानी बारिश का जमा हो गया। इसी प्रकार अनेक निचले इलाकों में भी बारिश के कारण बहने वाली सड़कों से गंदगी आगे नकाशा चौक तक पहुंच गई। हमेशा बारिश में इसी प्रकार के हालात यहां आम बात है लेकिन सबसे ज्यादा दुकानदारों की स्थिति सिंधी बाजार, गोला बाजार, धान मंडी के दुकानदारों की होती है जहां कुछ कन्जेस्टेड इलाकों के कारण कीचड़ जमा रहता है। अनेक नालों पर से फेरो कवर टूटे पड़े हैं और सुबह अंधेरा होने के कारण लोगों के गिरने का भी भय रहता है।


**RASHTRIYA CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED**
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
Corp. Office,: Priyadarshini, E.E. Highway, Sion, Mumbai 400 022.
CIN: L24110MH1978GOI020185.
A NAVRATNA COMPANY
(Area Office Address :RCF Ltd, 40, Jadhon Nager 'B', Durgapura, Jaipur –PIN 302018)
Tel. No 0141- 2720334, 2554597, 2554979 mail ID rcfrajasthan@gmail.com

In pursuance to the order No. S.O. 2900(E) dated 24.10.2015 and its amendment dated 30.10.2017 issued by Department of Agriculture, Co-Operation and farmer's welfare, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare GOI. RCF Ltd here by notifies that RCF Ltd intends to sell 100% water soluble mixture of fertilizer as per specification given. NPK 19:19:19, Moisture Percent by weight, max-0.5%,N(T) min-19%, (NO3-N max-4%, NH4-N min-4.5%, Urea N max-10.5%), WP P2O5 min-19%, WS K2O min-19%, Na as NACL max-0.5%, Insoluble matter in H2O max -0.5%, Lead, Cadmium & Arsenic max-Not traceable. Supply and sales of above Sujala WSF19:19:19 grade will be done after 30 days of intimation.

State Incharge (Rajasthan)

Let us grow together



**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक : जविप्रा / अधि.अभि. एवं त.स.नि.अ.– I / 2024–25 / डी–95 दिनांक : 27.12.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**

**बिड संख्या - अ.अ. एवं त.स.नि.अ.-I/30/2024-25**

जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JDA2425WSRC00434 | 121.20 | तारबंदी, दीवार एवं डिमार्केशन कार्य | 07.01.2025 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

अधि. अभि. एवं
तक.सहा.निदे.अभि.-प्रथम

राज.संवाद/सी/24/9671



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर**
एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)
Te.Pho. No 02979-283624, E-mail.: eephedscr@gmail.com
क्रमांक-अ.अ./जन स्वा./साँ/निविदा/2024-25/1500 दिनांकः- 20/12/24

**ई-निविदा सुचना संख्या- 16/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रकिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Work of installation of earthing on panels of pump houses, tube wells etc, lights at various capuses, water supply installations and other accessories. (ANNUAL RATE CONTRACT) |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में) | कुल निविदा 01 रु. 15.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 20.12.2024 से 07.01.2025 को 13.00 बजे तक |
| निविदाएँ खोलने की तिथी व समय | 08.01.2025 को 11.00 बजे से |
| UBN No | PHE2425WSRC07455 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड साँचौर

DIPR/C/13530/2024



**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PWD CIRCLE JAIASLMER**
No. SE/JSM-I/2024-25/1461 Date: 23.12.2024

**NOTICE INVITING BID**
**NIT No. 05 Year 2024-25**

Bids for Rate Contract of Road Works are invited from interested bidders 6.00 PM of 31.12.2024 to 15.01.2025 upto Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, and htpp://sppp.raj.nic.in) of the state. The approcimate value of the procurement is Rs 259.05 Lacs

UBN No. As under
1. PWD2425WSRC12542
2. PWD2425WSRC12543

(H.R. Bishnoi)
Superintending Engineer
PWD Circle Jaisalmer

DIPR/C/13624/2024


## सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने मीरा बाई से जुड़े बयान पर माफी मांगी

**बीकानेर,** (निसं)। केंद्रीय कानून मंत्री और बीकानेर के सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने मीरा बाई से जुड़े बयान पर विवाद पर कहा है कि अगर किसी को ठेस पहुंची है तो माफी मांगता हूं। सोशल मीडिया पर मेघवाल के बयान के बाद उनका विरोध शुरू हो गया था। देशभर में उनके विरोध से जुड़ा हैंडल ट्रेंड करने के बाद खुद मेघवाल सोशल मीडिया पर सामने आए और स्पष्ट रूप से माफी मांग ली।

- मां मीरा के अपमान के विषय में नहीं सोच सकता, किसी को ठेस पहुंची तो माफी मांगता हूं : मेघवाल

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों सीकर के पीपराली क्षेत्र में अर्जुनराम मेघवाल ने मीरा बाई पर विवादित बयान दिया था। मीरा बाई पर उनके दिये इस बयान के बाद मीरा के भक्तों और अनुयायियों ने विरोध किया। सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ जमकर टिप्पणी की गई। विरोध में हैशटेग शुरू किया गया, जो देशभर में टॉप ट्रेंड रहा। गुरुवार देर रात मेघवाल ने सोशल मीडिया पर ही इसका जवाब भी दिया। मेघवाल ने लिखा कि साधना के शिखर पर विराजमान भक्त शिरोमणी मां मीरा के प्रति मेरे मन में अगाध श्रद्धा एवं आस्था है। मेरे किन्हीं शब्दों से मां मीरा के प्रति भक्ति व श्रद्धा भाव रखने वाले श्रद्धालुओं के मन में किसी भी प्रकार से ठेस पहुंची है तो मैं खेद व्यक्त करते हुए माफी मांगता हूं। मेघवाल ने कहा कि भारतीय भक्ति परंपरा में मां मीरा का स्थान भक्त शिरोमणी का रहा है।

मां मीरा ने कृष्ण भक्ति के माध्यम से सम्पूर्ण देश में जनमानस के बीच भक्ति भाव का संचार किया है। मेरा जीवन बचपन से ही मां मीरा के आदर्शों से प्रेरित रहा है। कई बार मंच पर केंद्रीय मंत्री रहते हुए भी अर्जुनराम मेघवाल मीरा के भजन गाते रहे हैं। उन्होंने अपने बयान में भी इसका जिक्र किया है। मेघवाल ने कहा कि मेरे जीवन में मीरा का बड़ा योगदान रहा है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर**
एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)
Te.Pho. No 02979-283624, E-mail.: eephedscr@gmail.com
क्रमांक-अ.अ./जन स्वा./साँ/निविदा/2024-25/1485 दिनांकः- 20/12/24

**ई-निविदा सुचना संख्या- 15/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रकिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | CONSTRUCTION AND COMMISSIONING OF ALL TYPE OF TUBE WELLS (DTH, COMBINATION AND ROTARY) WITH SUPPLY AND INSTALLATION OF SUBMERSIBLE PUMP SETS INCLUDING 2 YEARS DEFECT LIABILITY PERIOD IN DIVISION SANCHORE. (ANNUAL RATE CONTRACT) |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में) | कुल निविदा 01 रु. 120.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 25.12.2024 से 16.01.2025 को 13.00 बजे तक |
| निविदाएँ खोलने की तिथी व समय | 17.01.2025 को 11.00 बजे से |
| UBN No | PHE2425WSRC07454 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड साँचौर

DIPR/C/13518/2024



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद धौलपुर**
SEWDSC.DHOLPUR @RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक-पीएमकेएसवाई-2.0/निविदा/2024-25/1468-72 दिनांक-19.12.2024

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No 09 YEAR 2024-25**

Bids for NRM Works (Anicut, PT,MPT, PCD, ECD etc. under PMKSY 2.0 Project Area in Block Baseri of Distt. Dholpur of estimated value INR 88.68 Lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 20-12-2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

UBN WSC2425WSOB00903
NIB NO-WSC2425A0450

(लाखन सिंह मीना)
अधीक्षण अभियन्ता
एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर
जिला परिषद धौलपुर

DIPR/C/13510/2024


## करंट लगने से किसान की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में करंट लगने से किसान की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र फांदा निवासी लोगर (49) पुत्र मावजी गमेती की करंट लगने से झुलसने पर मौत हो गई। नील गायों के खेत में आने से लोगर 26 दिसंबर रात में खेत पर रखवाली करने गया था, जहां रात में विद्युत तार टूटा पड़ा होने से छू जाने पर करंट लगने से वह झुलस गया। इसको देख परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल प्रीतमसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## शराब पार्टी के दौरान हुई कहासुनी में युवक की चाकू मारकर हत्या

**कोटा,** (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर में शराब पार्टी के दौरान दो दोस्तों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दो जनों ने मिलकर युवक परणजीत पर चाकू से हमला कर दिया, जिसे उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना के 12 घंटे के अंदर युवक की हत्या के मामले मे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि मृतक परणजीत सिंह असम के कामरूप का रहने वाला है। वह कुछ महिने पहले कोटा आया था जिसके साथ आसाम के कुछ अन्य युवक भी आये थे। शहर एसपी ने बताया कि परणजीत सिटी पार्क में कुक का काम करता था जो अपने अन्य साथियों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर मे किराये से रहता था। एसपी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में परणजीत विश्वजीत के बीच शराब पार्टी के दौरान कहासुनी होने पर विश्वजीत ने परणजीत को नीचे गिरा दिया और इतने में इन्द्रजीत चाकू लेकर आया और परणजीत की पीठ पर चाकू से वार कर दिया।

हमले में परणजीत की मौत हो गई। शहर एसपी ने बताया कि चाकूबाजी में हत्या का मामला सामने आने पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा एवं अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुऐ कार्यवाही करते हुए मेडिकल कॉलेज में भर्ती विश्वजीत को थाने लाकर पूछताछ की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अन्य आरोपी इन्द्रजीत को जो कोटा से बाहर भागने की फिराक में झालावाड़ रोड बाइपास खड़ा था जिसे टीम ने पहुंच कर गिरफ्तार कर लिया। शहर एसपी ने बताया कि मामले में सामने आया कि मृतक परणजीत ने घटना से एक दिन पहले आरोपियों के दोस्त से भी गाली-गलौच की थी मामले में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि पार्टी के दौरान परणजीत को उल्हाना दिया तो उसने हमारे साथ भी गाली-गलौच की जिस पर उन्होंने उस पर चाकू से वार कर दिया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिक विभाग, उत्पादन वितरण एवं राजस्व खण्ड तृतीय बीकानेर-334001**
Email: eepdr3.bik.phed@rajasthan.gov.in, Phone: 0151-2226469

**ई-बोली सूचना संख्याः- 12/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान के पंजीकृत / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग द्वारा ई-वोली आमंत्रित की जाती है। यह ई-बोली "Website:-www.sppp.rajasthan.nic.in" पर देखी जा सकती है तथा ई-बोली प्रपत्र "Website:-http://eproc.rajasthan.gov.in" से दिनांक 19-01-2025 को 18:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बोली डालने की अवधि दिनांक 19-01-2025 को 18:00 बजे तक रहेगी, उक्त ई-बोली दिनांक 20-01-2025 को 13:00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोली जायेगी। RPWA 100 की समस्त शर्ते लागू होगी। इस ई-बोली सूचना में कुल 01 कार्य है, इस कार्य की कुल लागत राशि 119.95 लाख है।

1. BID No-12/2024-25
UBN No- PHE2425WSRC07361

*जल सीमित है, इसकी बचत करें*

अधिशासी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग उ. वि.
एवं राजस्व खंड तृतीय बीकानेर

DIPR/C/13566/2024



**कार्यालय नगर पालिका निवाई**
क्रमांकः–न.पा.नि. / निर्माण / 2024–25 / 8542 दिनांकः– 24.12.2024

**ई. निविदा सूचना संख्या :– 18/2024–2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत/ स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत/ अन्य विभागो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | (कुल 05 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2425WSOB13798, 796, 807, 808, 809 |
| निविदा की कुल लागत | : | Rs 179.36 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| निविदा जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 27.12.2024 को 13:00 बजे से |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 27.12.2024 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 08.01.2025 सांय 18:00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक | : | दिनांक 09.01.2025 को अपराह 15:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 10.01.2025 को अपराह 12.00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

राज.संवाद / सी / 24 / 9620

अध्यक्ष
नगर पालिका निवाई

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड जालोर**
क्रमांकः अअ/जा/2024-25/ दिनांकः

**निविदा सूचना संख्याः 16 वर्ष 2024-2025**
**NIB No. PWD2425A3379**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 44.34 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 24 दिसम्बर 2024, 9:30 बजे से 02 जनवरी 2025, सायं 06:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http:// eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http:// eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

UBN No PWD2425WS0B12403

(आर.के.सिंघारिया)
अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. वि. खण्ड जालोर

DIPR/C/13572/2024


## घुसपैठिये का शव पाक सैन्य अधिकारियों को सौंपा

**बॉर्डर पार करते समय बीएसएफ ने घुसपैठिये को मार गिराया था**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के गांव एक एक्स के पास गत रात बीएसएफ जवानों की गोली से मारे गए पाकिस्तानी घुसपैठिये का शव पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों ने ले लिया है। सुबह गांव एक एक्स के पास बीएसएफ अधिकारियों और पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग में पाकिस्तानी अधिकारी शव लेने पर सहमत हो गए। कुछ देर चली बातचीत के बाद पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों ने शव ले लिया। बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आलोक कुमार इस फ्लैग मीटिंग में शामिल हुए।

बीएसएफ अधिकारियों ने घुसपैठिये के पास मिली चीजें सबूत के रूप में पाकिस्तानी अधिकारियों के सामने पेश की। घुसपैठिये के पास 1770 पाकिस्तानी रुपए, पाकिस्तानी सिगरेट और लाइटर, नसवार की पुड़िया, दवा की गोली मिली थी। पाकिस्तान रिपब्लिक का जारी किया हुआ परिचय पत्र जिस पर उर्दू घुसपैठिये का नाम अब्दुल गफ्फार अंकित है। इसके साथ ही घुसपैठिये के पाकिस्तान के मिंचिनाबाद का रहने वाला होने की जानकारी अंकित है। वहीं घुसपैठिये का पहनावा भी पाकिस्तानी इलाके का है। इन सभी सबूतों के आधार पर पाकिस्तानी अधिकारियों ने घुसपैठिये का शव ले लिया। एसपी गौरव यादव ने पुष्टि करते हुए कहा कि घुसपैठिए का शव पाकिस्तानी अधिकारियों ने ले लिया है। वहीं बीएसएफ अधिकारियों ने भी घुसपैठिए का शव पाकिस्तान की ओर से ले लिए जाने की पुष्टि की।

जिले के केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र में गांव एक एक्स के पास 24 दिसंबर रात में बीएसएफ को एक व्यक्ति के भारतीय सीमा में घुसने की जानकारी मिली थी। इस पर गश्ती दल ने मौके पर पहुंचकर घुसपैठिये को ललकारा और गोली मार दी। इससे घुसपैठिये की मौत हो गई। बीएसएफ को जीरो लाइन के पिलर नंबर 552 और 553 के बीच से भारतीय सीमा में तारबंदी पर चढ़ने का प्रयास करता व्यक्ति नजर आया। बीएसएफ के ललकारने पर भी जब वह नहीं रुका तो उसे बीएसएफ जवानों ने गोली मार दी। इससे वह तारबंदी के पास ही ढेर हो गया। इससे पहले हुई फ्लैग मीटिंग में तमाम सबूत पेश करने के बाद भी पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों ने घुसपैठिए का शव लेने से इनकार कर दिया था।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PHED DIVISION KARAULI**
PH NO.-07464-250219, E-Mail-ee.kar.phed@rajasthan.gov.in

**Notice Inviting Bid**

Bids for construction of 200 mm dia Tube well and P,L,J of pipeline under phed division karauli are invited from interested bidders up to 06.01.2024 other Particulars of the bid may be visited on the sppp.raj.nic.in website.

NIB CODE:-PHE2425A3548

| S.N. | NIT NO. | UBN | S.N. | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 99/2024-25 | PHE2425WSOB07473 | 6 | 104/2024-25 | PHE2425WSOB07478 |
| 2 | 100/2024-25 | PHE2425WSOB07474 | 7 | 105/2024-25 | PHE2425WSOB07479 |
| 3 | 101/2024-25 | PHE2425WSOB07475 | 8 | 106/2024-25 | PHE2425WSOB07480 |
| 4 | 102/2024-25 | PHE2425WSOB07476 | 9 | 107/2024-25 | PHE2425WSOB07481 |
| 5 | 103/2024-25 | PHE2425WSOB07477 | 10 | 108/2024-25 | PHE2425WSOB07482 |
| 01 | Total work | | | 10 | |
| 02 | Total Estimate Cost | | | 125.46 Lac | |
| 03 | Bid submission end date | | | 06.01.2025 Up to 06.00 PM | |
| 04 | Bid opening date | | | 07.01.2025 at 3.00 PM | |

(Prahlad Meena)
Executive Engineer
Public Health Engineering Department
Division Karauli

DIPR/C/13588/2024



**Office of The Block Development Officer Panchayat Samiti Sayla (Jalore)**
No. 590 **Notice of Inviting Bid** Date-23.12.2024

Bid for Rate contract of Work Including Garbage Collection and Separation from Households and Commercial Establishments, Road and Drain cleaning, Cleaning of CSCs in all villages of all Gram Panchayat of Panchayat Samiti Sayla (Jalore) and Other Construction Works as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat samiti sayla. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office.

| Name of Gram Panchayat | Approximate value of the procurement | UBIN | E-Procurement Tender ID |
|---|---|---|---|
| Alasan | 09.11 Lakh | ZJR2425SSRC00991 | 2024 PRD 439506_1 |
| Bairath | 09.15 Lakh | ZJR2425SSRC00992 | 2024 PRD 439511_1 |
| Bishangarh | 10.34 Lakh | ZJR2425SLRC00993 | 2024 PRD 439514_1 |
| Chorau | 10.18 Lakh | ZJR2425SLRC00994 | 2024 PRD 439518_1 |
| Dadal | 07.65 Lakh | ZJR2425SSRC00995 | 2024 PRD 439521_1 |
| Komta | 13.61 Lakh | ZJR2425SLRC00996 | 2024 PRD 439524_1 |
| Mandwla | 14.07 Lakh | ZJR2425SLRC00997 | 2024 PRD 439526_1 |
| Menglwa | 07.83 Lakh | ZJR2425SSRC00998 | 2024 PRD 439531_1 |
| Otwala | 14.39 Lakh | ZJR2425SLRC00999 | 2024 PRD 439528_1 |
| Panthedi | 10.30 Lakh | ZJR2425SLRC01000 | 2024 PRD 439533_1 |
| Surana | 09.44 Lakh | ZJR2425SSRC01001 | 2024 PRD 439536_1 |
| Tikhi | 11.70 Lakh | ZJR2425SLRC01002 | 2024 PRD 439537_1 |
| Tiloda | 07.49 Lakh | ZJR2425SSRC01003 | 2024 PRD 439578_1 |
| Thalwad | 10.78 Lakh | ZJR2425SLRC01004 | 2024 PRD 439586_1 |
| Toora | 09.45 Lakh | ZJR2425SSRC01005 | 2024 PRD 439598_1 |
| Ummedabad | 19.93 Lakh | ZJR2425SLRC01006 | 2024 PRD 439611_1 |
| Veerana | 06.72 Lakh | ZJR2425SSRC01007 | 2024 PRD 439623_1 |
| Vishala | 07.19 Lakh | ZJR2425SSRC01008 | 2024 PRD 439633_1 |
| Construction Work (Work Tender) | | | |
| Anwloj | 10.00 Lakh | ZJR2425WSOB00949 | 2024 PRD 439363_1 |
| | 10.00 Lakh | ZJR2425WSOB00950 | 2024 PRD 439370_1 |
| | 10.00 Lakh | ZJR2425WSOB00951 | 2024 PRD 439389_1 |
| | 04.99 Lakh | ZJR2425WSOB00952 | 2024 PRD 439395_1 |
| Otwala | 04.99 Lakh | ZJR2425WSOB00944 | 2024 PRD 439215_1 |
| | 10.00 Lakh | ZJR2425WSOB00945 | 2024 PRD 439209_1 |
| | 04.99 Lakh | ZJR2425WSOB00946 | 2024 PRD 439202_1 |
| | 10.00 Lakh | ZJR2425WSOB00947 | 2024 PRD 439217_1 |
| | 09.99 Lakh | ZJR2425WSOB00948 | 2024 PRD 439228_1 |

DIPR/C/13578/2024

Block Development Officer Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

सार-समाचार

## मेले में दर्शनार्थियों की लगी कतारें

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा के निकट नाकोडा तीर्थ पर गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। ट्रस्ट मण्डल अध्यक्ष एवं मेला संयोजक ने बताया गया की तीर्थ में पुजा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ तीर्थ में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की दर्शनार्थ लम्बी कतारे लगी रही। रात्रि में श्री महावीर देसाई, साहिल जैन द्वारा भक्ति की रमझट जमाई। आचार्य भगवंत राष्ट संत श्री चन्द्रानन सागर सूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, प्रवचन प्रभावक आचार्य श्री कीर्तिचन्द्र सूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, पू. आचार्य श्री कीर्तिदर्शनसूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, भांडवपुर तीर्थोद्वारक पू. आचार्य श्री जयरत्नसुरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, पू. मुनिराज श्री सुमतिचंद्रसागरजी म.सा आदि गुरु भगवंतों की पावन निश्रा में अनुष्ठान तीर्थ पर चल रहे है। इस वर्ष सम्पूर्ण मेला के लाभार्थी परिवार स्व. श्रीमति उगमदेवी सोनाजी प्रागाजी संकलेचा परिवार मरूघरा में मैंगलवा (राजस्थान) शामिल रहे। इस अवसर पर श्री नाकोडा तीर्थ अध्यक्ष रमेश कुमार मुथा, उपाध्यक्ष लुणकरण बोथरा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चौपडा एवं ट्रस्टीगण कांतिलाल शाह, जगदीशचन्द छाजेड, अशोककुमार भंसाली, कैलाश मेहता, गौतमचन्द सिंघवी, जतनराज कोठारी, मांगीलाल संखलेचा, कमलेश बालड, वगतावरमल पारेख, गणपतलाल बुरड, गौतमचन्द बालड, पुरूषोतमदास सेठिया, प्रकाशचन्द वडेरा, महेन्द्रकुमार बागरेचा, हुलास बाफणा, सुरेश शाह एवं गणमान्य लोग तीर्थ पर उपस्थित थे।

## नाकोड़ा मेले में रक्तदान शिविर

**बालोतरा,** (निसं)। जे-21 सोशियल ग्रूप जोधपुर के तत्वावधान में नाकोड़ा तीर्थ पर पोष दशम के मेले को लेकर आयोजित रक्तदान शिविर में 425 यूनिट रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में पारस ब्लड बैंक, मथुरादास माथुर अस्पताल, महात्मा गांधी अस्पताल,नाहटा अस्पताल, रोटरी क्लब एवं उमेद अस्पताल ने अपनी सेवाए देकर सहयोग प्रदान किया। शिविर संयोजक गौतम जीरावला व बसन्त चौपडा ने बताया कि सवेरे नाकोडा तीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश मुथा,ट्रस्ट मंडल के सदस्यों सहित ट्रस्टीगण की उपस्थिति में रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर के प्रारम्भ से ही एक साथ रक्तदान की व्यवस्था में सतत रक्तदान करने वालों का ताँता लगा रहा।बसन्त चौप?ा ने बताया कि यह जे-21 सोशियल ग्रुप ने प्रभु पार्श्व जन्म कल्याणक के उपलक्ष मे लगातार 12 वा केम्प का आयोजन करवाया जहां रक्तदाता रक्तदान कर के अन्य जिन्दगी बचाने का कार्य करते है।रक्तदान महादान है, इससे बढकर कोई पुण्य का काम नहीं है। इस शिविर में बालोतरा, पचपदरा, जसोल, जोधपुर, उदयपुर,मुम्बई व अन्य प्रान्तों से आए श्रद्धालुओं ने कैम्प का अवलोकन कर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में सहयोग करने वालों का समिति ने आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर के दौरान पचपदरा विधायक डॉ अरुण चौधरी,पूर्व प्रतिपक्ष नेता मदन राज चौप?ा,समाज सेवी ओमप्रकाश बांठिया, भाजपा नगर अध्यक्ष कांतिलाल हुण्डिया,हुलास बाफना सहित अध्यक्ष राजेश मंडोत, उपाध्यक्ष राजेन्द्र जैन,सचिव राजेश जीरावल, जयंतीलाल जैन, जयंती पारख,महेन्द्र, रक्षित भंसाली सहित लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम का मंच सचालन मंजू सिंघवी ने किया।

## समिति का गठन किया

**जालोर,** (कासं)। आठवीं आर्थिक गणना 2025-26 को सुव्यवस्थित एवं निर्धारित समयावधि में सम्पादित करने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय राजस्थान द्वारा आठवीं आर्थिक गणना 2025-26 सम्पन्न की जानी है जिसमें आर्थिक गतिविधियों में संलिप्त औद्योगिक इकाईयों की गणना के साथ-साथ उद्यम की स्थिति, संकाय, प्रकृति, स्वामित्व, वित्त प्रबंधन एवं रोजगार इत्यादि से संबंधित सूचना संकलित की जायेगी। आठवीं आर्थिक गणना 2025-26 को सुव्यवस्थित एवं निर्धारित समयावधि में सम्पादित करने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति का गङ्गन किया गया है जिसमें जिला कलक्टर अध्यक्ष व आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक सदस्य सचिव होंगे तथा जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिले में पदस्थापित समस्त उपखण्ड अधिकारी, मुख्य आयोजना अधिकारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के ए.सी.पी., जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक व प्रारंभिक, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक, समस्त तहसीलदार व जिले के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारी सदस्य रहेंगे।

## नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**आहोर,** (निसं)। आहोर में जोधपुर रोड पर स्थित मुक्ति विहार में शुक्रवार को भामाशाह संघवी शाह पुखराज,जडावीबाई, मुन्नीलाल, चंपालाल, जुगराज, नारंगी देवी की स्मृति में कंकु चौपडा परिवार आहोर की ओर से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 750 मरीजों का परीक्षण कर दवाईयां व चश्मे वितरित किए। करीब 105 चयनित मरीजों का जालोर के आदिनाथ ग्लोबल अस्पताल में ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर में कर्नाटक सरकार की ओर से राज्योत्सव पुरस्कार से सम्मानित डॉ नरपत सोलंकी की टीम ने मरीजों का सफल परीक्षण किया गया। शिविर में गोरधन सिंह राजपुरोहित सांकरणा, महावीर कुमार जैन गादिया, मदन सुथार, जवेरचंद चोपडा, रीखबेश सुथार,मुकेश भाई राङ्गी,भैरू लाल चौहान पार्षद,भंवर छिपा, नारायण सिंह,राजेंद्र सिंह भाटी,महेंद्र रांकावत, भरत राव, गौतम सोनी, सकाराम ,अशोक सुथार,गजेंद्र सिंह मांगलिया,विनोद जैन, भरत बाफना, पवन जैन, मदन जी तलावत,सहित कार्यकर्ता का विशेष सहयोग रहा। विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, नगरपालिका चेयरमैन सुजाराम प्रजापत, वाइस चेयरमैन लालचंद जैन, थानाधिकारी रामप्रताप सिंह, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार सहित कई जने मौजूद रहे।

## श्रीमाली ब्राह्मण समाज सम्मेलन आज

**भीनमाल,** (निसं)। भीनमाल के क्षेमंकरी तलहटी स्थित माली समाज धर्मशाल में शुक्रवार व शनिवार को अखिल भारतीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज का दो दिवसीय राष्ट्रीय महासम्मेलन मंथन 2024 होगा। देश भर से श्रीमाली ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिक शिरकत करेंगे। राष्टीय अध्यक्ष विधुशेखर दवे व कार्यक्रम समन्वयक दिनेश दवे ने बताया कि सरकार व समाज की मंशानुरूप समाज में व्याप्त कुरूतियों के शमन को लेकर मंथन-2024 महासम्मेलन श्रीमाली ब्राह्मणों को सांस्कृतिक व ऐतिहासिक नगरी भीनमाल में दंडी स्वामी सिद्ध पीठाधीश्वर देवानंद सरस्वती, हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज की पावन निश्रा संत सानिध्य में आयोजित होगा तथा देश भर से समाज के विद्वान, राजनेता, अधिकारी, उद्योगपति, व्यापारी, समाज सेवी भाग लेंगे। कार्यक्रम प्रतिनिधि डॉ घनश्याम व्यास, शेखर व्यास, भगवती प्रसाद दवे, रुपा शंकर दवे, रमेश दवे धुंबडयि, युद्धिष्ठिर श्रीमाली सांचौर, शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी व प्रवीण दवे पूर्व तैयारियों को पूर्ण करने के कार्य में जुटे हैं।

## जे.एन.वी.यू. के विद्यार्थी पहुंचे कुंभलगढ़

**जोधपुर,** (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के व्यावसायिक वित्त एवं अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने कुंभलगढ़ का शैक्षिणक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) महेंद्र कुमार सामरिया के सानिध्य में ऐतिहासिक धरोहरों का बोध, वैज्ञानिक सोच और नया दृष्टिकोण उत्पन्न करने के उद्देश्य से विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का कुंभलगढ़ दुर्ग भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर महेंद्र कुमार सामरिया ने बताया कि छात्रों के शैक्षिणक एवं सांस्कृतिक ज्ञानवर्धन के लिए यह भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा।

## श्रवण सिंह बगड़ी का स्वागत

**बालोतरा,** (निसं)। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्रवण सिंह बंगडी प्रथम बार जसोल आने पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री उमेश सोनी ने बताया की श्रवण सिंह बगडी के जसोल प्रवास के दौरान भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश संगठन महामंत्री का साफा व दुपट्टा पहनाकर भाजपा जिला महामंत्री अमराराम सुंदेशा साफा पहनाकर कर स्वागत किया। माला ग्रामीण मंडल महामंत्री उमेश सोनी ने पहना कर स्वागत किया।

## कोहरे की आगोश में रहा पाली शहर

**पाली,**(नि.स.)। उत्तरी क्षेत्र में पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते मैदानी क्षेत्रों में भी शीतलहर का असर जोरों पर है, जिसके चलते शुक्रवार को पाली शहर पूरे दिन कोहरे की आगोश में रहा। जहां वाहन चालक लाइट लगाकर निकले, गली मोहल्ले में अलाव जलाकर सर्दी से बचाव किया। दुकानें 11 बजे बाद खुली। शाम को जल्दी ही बाजार बंद हो गए।

# बच्चों के विशेष टीकाकरण अभियान के पोस्टर का विमोचन

**जालोर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 23 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, 2024 तक टीकाकरण का विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान निर्धारित टीके से किसी कारणवश वंचित रहे बच्चों के लिए टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी उपलक्ष्य में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया साथ की अभियान की प्रगति की समीक्षा कर दुर्गम क्षेत्र के टीकाकरण से वंचित रहे बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकृत करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान 31 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि 2 साल तक की उम्र के अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आंगनबाड़ी केन्द्र पर लेकर जाएं और छूटे हुए टीके अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा है कि बच्चे के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सभी अभिभावक समझदारी दिखाएं और सम्पूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया ने बताया कि जिले में समय-समय पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर बच्चों को टीकाकृत किया जा रहा है और किसी कारणवश टीका लगवाने से वंचित रह गये बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान संचालित कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रदेश में प्रत्येक गुरूवार को स्थानीय माइक्रो-प्लान के अनुसार निर्धारित दिन में राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर और जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज के सम्बद्ध राजकीय अस्पतालों में प्रतिदिन लाभार्थी बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण सत्र आयोजित किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को जानलेवा 11 बीमारियों जैसे- पोलियो, निमोनिया, टीबी, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, मेनिनजाइटिस, डिप्थीरिया, खसरा, रूबेला, काली खांसी और रोटा वायरस दस्त से बचाव के लिए टीके लगाकर प्रतिरक्षित किया जाता है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण की सम्पूर्ण जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल 'यू-विन' बनाया गया है, जिसमें अभिभावक स्वयं रजिस्ट्रेशन करके टीकाकरण संबंधी जानकारी पाने के साथ ही डिजीटल वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. पंकज सुथार, डॉ. अनीता चौहान मौजूद रहे।



जालोर में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गांवडे ने विशेष टीकाकरण अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। फोटो राष्ट्रदूत

# जालोर नागरिक सहकारी बैंक में गर्ग का स्वागत



जालोर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन पाराशर ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के बैंक में आगमन पर स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय में राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक केबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग के आगमन पर बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट ने बताया कि मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने बैंक संचालक मंडल व स्टाफ द्वारा बैंक की व्यवसाय वृद्धि के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए बैंक का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान किये जाने के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर जो कि राजस्थान अर्बन बैंक्स फेडरेशन के भी अध्यक्ष हैं, ने राजस्थान में अर्बन बैंकों की समस्याओं पर मंत्री से विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

जिसमें अर्बन बैंकों को सहकारी भर्ती मंडल के दायरे से मुक्त कर पूर्ववत सीधी भर्ती का अधिकार देने, तथा सहकारी बैंकों के उपनियमों में संशोधन के लिए नियमों में जटिलताओं का निवारण करने व सहायक कर्मचारी पदों की 50 प्रतिशत संख्या पर नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति जैसे की महत्वपूर्ण विषय समाहित है। मंत्री ने कर्मचारियों की भर्ती के मुद्दे पर फेडरेशन अध्यक्ष पाराशर को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानंद भटट, पुखराज पुरोहित, जिला मंत्री, भा जा पा, नारायण लाल भट्ट, पूर्व संचालक व शिक्षक नेता, दलपतराज बोहरा, उदय सिंह दादाल सहित बैंक के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड ए.एस.पी. के पुत्र का मोबाइल हैक

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में रहने वाले पुलिस विभाग से सेवानिवृत एएसपी के पुत्र का मोबाइल किन्हीं शातिरों ने हैक कर डाला। खाते से तीन बार में 42 हजार 3 रूपए निकाल लिए। पहली बार में 3 रूपए निकाले फिर दो बार में 42 हजार रूपए निकाले गए। 25 को क्रिसमस का बैंकों में भी अवकाश था, ऐसे में शातिरों ने क्रिसमस पर वारदात की। इस बारे में अब महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर रूप नगर महामंदिर में रहने वाले सेवानिवृत एएसपी दिनेश सिंह रोहडिया की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उनके पुत्र नवदीपसिंह को फोन 25 दिसम्बर की सुबह नौ बजे किन्हीं शातिरों ने हैक कर दिया। फिर उसके एसबीआई बैंक खाता राइका बाग से 42 हजार 3 रूपए निकाल लिए। पहली बार में 3 रूपए फिर दो बार में 35 हजार व 7 हजार रूपए निकाले गए।

शातिरों ने फोन हैक करने से पहले वाटसअप पर एक फेक मैसेज कोरियर एड्रेस अपडेट एप के नाम से भेजा। फिर वारदात को अंजाम दिया गया। एड्रेसअपडेट किए जाने पर फोन हैक हो गया।

### दिल्ली में दिया वारदात को अंजाम

आरंभिक पड़ताल में पता लगा कि हैकरों ने दिल्ली के वजीराबाद खजूरीखास में बैठकर यह वारदात की है। मोबाइल नंबर किसी करण राठौड़ एवं प्रोतिक मिस्त्री के प्रतीत हो रहे है। ठगी की वारदात का पता लगने पर तुरंत साइबर साइट पर शिकायत दी गई। उस वक्त बैंकों में भी अवकाश था। खातों को होल्ड करवाया गया है।

# युवक ने फंदा लगाकर दी अपनी जान

**जोधपुर,** (कासं)। जिला ग्रामीण के बिलाड़ा थाना क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार कस्बे के सरगरा मोहल्ले में सत्ताइस वर्षीय विकास पुत्र इन्द्रचंद ने अपने घर में फंदा लगाकर कर आत्महत्या कर ली।

सुबह परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खोला। इस पर परिजनों ने खिडक़ी से झांक कर देखा तो वह फंदे पर झूल रहा था।

परिजन दरवाजा खोलकर उसे उतार कर ट्रोमा सेन्टर लेकर गए।

जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत बता दिया।

अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा।

## बैठक हुई

**पाली,** (नि.सं.)। शुक्रवार को करुणा केन्द्र पाली की मीटिंग हुई।

करुणा केन्द्र के अध्यक्ष जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि कल पाली से 11 सदस्यों की टीम का प्रतिनिधि मंडल दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए तखतगढ़ के लिए रवाना होगा।

# मुस्लिम समाज की प्रतियोगिता जारी

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिला मुस्लिम समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को क्रिकेट के रोचक मुकाबले खेले गये।

आयोजक नाहिद अली ने बताया कि शुक्रवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच ऊपर कोटा क्लब और सनशाइन क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऊपर कोटा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 75 रन बनाए। जवाब में सनशाइन क्लब ने मैच की अंतिम गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। दूसरा मैच मौला अली और लगान के बीच खेला गया। जिसमें मौला अली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 129 रन बनाए। जवाब में लगान की टीम 90 रन ही बना सकी, मौला अली इस मैच में जीत हासिल की। तीसरा मैच रहिम्स मूबी वर्ल्ड और खेजरला क्लब (साबिर भाई) के बीच खेला गया। रहिम्स मोबी वर्ल्ड ने 102 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक आदिल खान ने 47 और सिराज अंजुम 32 रनों का योगदान दिया। खेजरला की ओर से सर्वाधिक तीन विकेट आमिर खान ने लिए, यह मैच खेजरला ने 5 विकेट से जीता। चौथा मैच यारू भाई इलेवन और के.जी.एन. कोलर के बीच में यारू भाई इलेवन 97 रन बनाए। इस पारी में सर्वाधिक स्कोर अफरीद ने 37 रन का योगदान दिया तथा के.जी.एन कोलर की तरफ से कप्तान केसर मेहर ने 3 विकेट हासिल की है। के.जी.एन कोलर की ओर से सर्वाधिक रन रज्जाक मेहर ने 26 रन , अकबर मेहर ने 19 रन का योगदान दिया तथा अंतिम गेंद पर के.जी.एन .कोलर ने इस मैच को जीत लिया। प्रतियोगिता के दिन का आखिरी मैच मौला अली और खेजरला क्लब के बीच खेला गया। मौला अली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बनाए। जवाब में खेजरला की टीम ने यह मैच 9 विकेट से जीत लिया।

इस दौरान सैयद गुलजार अली, सुल्तान अली, शाहरुख मेहर, अल्ताफ अली, रिजवान अंसारी, सागर मेहर, लियाकत मेहर, अशोक शर्मा ,लक्ष्मीकांत दवे ,सैयद शराफत अली ,शाहनवाज खान, आसिफ खोखर, मुस्ताक खान मेहर,जावेद, अदनान, आसिफ शाह, नदीम मंडोरी, अब्दुल मजीद ,अख्तर खान, मुजफ्फर अली, ताहिर शम्मा, नाहिद अली, अफरोज खान आदि लोग मौजूद थे।



जालोर में मुस्लिम समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन कई मुकाबले खेले गये। फोटो-राष्ट्रदूत

सार-समाचार

## चौधरी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



आईदानराम चौधरी

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञान संचार एवं लोक प्रियकरण प्रभाग के तहत क्षेत्रीय कार्यालय जोधपुर की ओर से 25 व 26 दिसंबर को उप क्षेत्रीय विज्ञान भवन के प्रवर्तन केंद्र जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मॉडल एवं टीचिंग एड प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना के संस्था प्रधान आईदानराम चौधरी का राष्ट्रीय स्तर पर टीचिंग एड चयन किया गया है। जनवरी माह में नेहरू विज्ञान केंद्र मुंबई में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में टाइप ऑफ हाइड्रोकार्बन्स केमेस्ट्री विषय पर टीचिंग एड का प्रजेंटेशन कर राजस्थान का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम में चौधरी को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र, नकद राशि एवं पदक से सम्मानित किया गया। चौधरी कई विद्यार्थियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले व राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में एवं स्वयं विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के कारण सम्मानित हो चुके हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर चौधरी का चयन होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, राजस्थान शिक्षक (राष्ट्रीय)के पदाधिकारी एवं एनसीसी अधिकारी समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पोकरण विधायक ने जन सुनवाई की

**पोकरण,** (कासं)। क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर जन सुनवाई की। इस दौरान पोकरण शहर स्थित जन संपर्क कार्यालय में जन सुनवाई शिविर लगाकर आमजन के अभाव अभियोग सुने। निजी सहायक गुलाबसिंह राठौड ने बताया कि शुक्रवार को गडी चम्पावता, बागथल, मानासर, सांकडा व केलावा गांवों का दौरा किया। विधायक ने पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महानरेगा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित जन समस्याओं को सुनकर निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जन सुनवाई शिविर में पोकरण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से बडी संख्या में लोग पहुंचे। विधायक ने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को राज्य व के केंद्र सरकार की प्रत्येक जन कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध लाभ मिले इसके लिए विभागीय अधिकारियों की निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए चरणबद्ध तरीके के योजना बनाकर जमीनी धरातल पर कार्य किया जा रहा हैं जिससे गांव व ढाणियों में निवास करने वाले लोगों को सभी जन सुविधाएं मिल सके। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी व बिजली की निर्बाध रूप से आपूर्ति करने के लिए विधायक ने अधिकारियों को कडे निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में जन सुनवाई में वन टू वन संवाद कर जन समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजपुरोहित समाज का समारोह कल

**जोधपुर,** (कासं)। राजपुरोहित सेवा न्यास की ओर से 29 दिसम्बर को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में देशभर से करीब सात सौ प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मलित होंगे। अध्यक्ष महेन्द्रसिंह तिंवरी ने बताया कि राजपुरोहित सेवा न्यास जोधपुर विगत 22 वर्षों से भारतवर्ष के राजपुरोहित समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का आयोजन करता है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी इस कार्यक्रम को डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में वेदान्ताचार्य डॉ. ध्यानाराम महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है। सचिव भंवरसिंह शिवतलाव ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टरसुरेन्द्रसिंह पुनायता होगें। साथ ही समारोह की अध्यक्षता श्री ब्रह्माजी मन्दिर एवं राजपुरोहित विकास न्यास, श्री खेतेश्वर ब्रह्मधाम तीर्थ, आसोतरा के महामंत्री बाबूसिंह कालुड़ी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सहायक आयकर आयुक्त पुणे भीकसिंह चाड़वास, डॉ. किशोरसिंह सोकड़ा, ओमसिंह धुंधियाड़ी, अजीत राजपुरोहित, भैरूसिंह लुंभावास, नरेन्द्र पुरोहित, दलपत पुरोहित, विजयसिंह, प्रतापसिंह थोब होंगे। इस वर्ष आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में सम्पूर्ण भारतवर्ष से राजपुरोहित समाज के लगभग 700 छात्र-छात्राएं सम्मानित किए जाएंगे। न्यास के संरक्षक डॉ. करणसिंह रास ने बताया कि न्यास समय-समय पर सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा, खेल, प्रतियोगी परीक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन इत्यादि गतिविधियां मुख्य है।

## उम्मेदाराम व हेमाराम धरने पर पहुंचे

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिले के मोहनगढ़ नहरी इलाके के किसान पिछले पांच दिनों से अपनी मांगों को लेकर नहर के जीरो हैड पर धरना दे रहे हैं। शुक्रवार को सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी मोहनगढ़ पहुंचे और जीरो हैड पर किसानों के धरने में शामिल हुए। धरना स्थल पर सांसद व किसानों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहनसिंह को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भारी संख्या में किसान व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस जाब्ता तैनात रहा। दरअसल, मोहनगढ़ क्षेत्र में जीरो हैड पर सैकड़ों किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले पांच दिनों से धरना दे रहे हैं। इसी को लेकर बाड़मेर जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल व पूर्व कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी किसानों के बीच पहुंचे और किसानों के धरने को समर्थन दिया।धरने पर बैठे किसान नेता साभान खान ने बताया कि मोहनगढ़ में सिंचाई का पानी किसानों को नहीं मिल रहा है। ना तो पर्याप्त पानी आ रहा है और ना ही किसानों को समय पर पानी मिल रहा है।

## पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। जानलेवा हमला करने के आरोप में गत एक साल से फरार चल रहे इनामी आरोपी को फलोदी की जिला स्पेशल टीम ने तिंवरी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फलोदी पुलिस अधीक्षक फलोदी पूजा अवाना ने बताया कि जिला स्पेशल टीम फलोदी ने कार्रवाई करते हुए गत साल अक्टूबर से फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी विकास विश्नोई निवासी कुशलावा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी पूजा अवाना ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध संतोष विश्नोई ने पुलिस थाना नोख में उसके पिता भंवरराम पर आरोपी महिपाल वगैरा 4-5 जनों की ओर से हमले और उसमें गंभीर चोटें आने की शिकायत दी थी। प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की गई। प्रकरण में नामजद आरोपी महिपाल व जगदीश को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपी विकास लम्बे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम जारी किया गया था। जिला स्पेशल टीम फलोदी के कांस्टेबल भगवानाराम को सूचना मिली कि विकास कुशलावा से जोधपुर जा रहा है। टीम ने लोहावट से पीछा कर आरोपी को तिंवरी से गिरफ्तार किया।

## चार डंपर व दो जे.सी.बी. जब्त

**भीनमाल,** (निसं)। भीनमाल क्षेत्र में गत लम्बे समय से आ रही अवैध खनन की शिकायतों के आधार पर शु वार को कार्यकारी उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग, खनन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कारवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान चार डम्पर तथा दो जेसीबी मौके पर ही जब्त कर पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द किये गये। जानकारी के अनुसार तहसीलदार नीरज कुमारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग, खनन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कारवाई में निकटवर्ती ग्राम भागल सेफ्टा के खसरा नम्बर 226 गैर मुमकिन नदी में किए जा रहे अवैध खनन के तहत चार डम्पर तथा दो जेसीबी मौके से जब्त कर पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द किये गये।

## स्वच्छता अभियान चलाया

**पाली,** (नि.सं.)। नगर निगम द्वारा अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के उपलक्ष में सुशासन दिवस के तहत आज शुक्रवार तीसरे दिन दांडी यात्रा स्टैच्यू सूर्य नमस्कार स्टेच्यू आदि में विशेष स्वच्छता सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 31 दिसंबर तक 7 दिन का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस सुशासन सप्ताह के दौरान शहर के जितने भी गार्डन, जलाशय, सभी चौराहा, महापुरुषों के स्टेच्यू आदि की साफ सफाई की जाएगी। साथ ही जितने भी शौचालय यूरिनल बने हुवे है उन सब की रोज सफाई करवाई जा रही है।



विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में थिएटर बना रहे हैं। जो उसने हासिल किया है उसके एक चौथाई में ही कई लोग अपने सफल इंटरनेशनल करियर को खत्म कर लेंगे।

– केविन पीटरसन

पूर्व इंग्लैंड कप्तान, भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के बारे में बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी**

**स्टीव स्मिथ**





**भारत** के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार को अपने करियर का 34वां शतक लगाया। यह शतक लगाते ही वह भारत के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 11 शतक लगाकर इंग्लैंड के जो रुट के 10 शतक को पीछे छोड़ा है। लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग 8 शतक के साथ तीसरे पायदान पर है।स्मिथ के तीनों फॉर्मेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर बन गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन ने टेस्ट में सबसे ज्यादा रन औऱ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। इसके अलावा 100 शतक लगाने वाले सचिन दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं।

### राज्य सरकार ही करवाएगी आईपीएल का सफल आयोजन


# धनंजय को वीआईपी कल्चर जीने की आदत, मेल लीक नही हुई है बल्कि लीक करवाई गई : जयदीप बिहानी

जयपुर, 27 दिसंबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में हालात लगातार बिगड़ते नजर आ रहे हैं। एक बार फिर राजस्थान की क्रिकेट में घमासान पैदा हो गई है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में महीनों पहले बनी एडहॉक कमेटी पर कमेटी के सदस्य धनंजय सिंह खींवसर ने गंभीर आरोप लगाए। इससे जुड़ी धनंजय सिंह की एक मेल भी लीक हो गई है। धनंजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा था कि हाल ही में जिस तरह से विभिन्न क्रिकेट प्रतियोगिताओं में टीम का चयन हुआ है, उसमें मनमानी हुई है। उन्होंने सीधे तौर पर एडहॉक कमेटी के कन्वीनर और भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी पर सवाल खड़े किए और बिना सदस्यों को सूचित किए कन्वीनर द्वारा फैसले लिए जा रहे हैं। कमेटी के सदस्यों की बिना सहमति के कई नियम और फैसला बदले जा रहे हैं।

धनंजय सिंह ने खिलाड़ियों के चयन पर भी सवाल खड़े किए हैं। इन्ही आरोपों का जवाव देते हुए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर व भाजपा विधायक जयदीप बिहानी ने भी धनंजय खींवसर पर पलटवार करते हुए गंभीर आरोप लगाए। जयदीप बिहानी ने कहा कि किसी भी तरह का आरोप लगाने से पहले एक बार व्यक्ति को अपने बारे में सोचना चाहिए कि वह खुद क्या कर रहे है। उन्होंने कहा कि धनंजय को वीआईपी कल्चर जीने की आदत हैं। कई बार क्रिकेट से जुड़े फैसलों के लिए उनसे बात करने की कोशिश की जाती है लेकिन वो फोन नहीं उठाते हैं, साथ ही उनके पीए भी मेरा फोन नहीं उठाते हैं। पीए धनंजय से बात नही करवाते है। अगर पीए फोन उठाए तो धनंजय सिंह से बात कैसे हो? इसके साथ ही कई बार बैठक में भी धनंजय मौजूद नहीं रहते हैं और जब किसी फैसले पर उनकी राय ली जाती है, तो उस समय वो हां कर देते हैं, लेकिन बाद में पलट जाते हैं। 9 महीने एडहॉक कमेटी बने हुए है, लगभग जयपुर में ही 7-8 मीटिंग हो चुकी है, धनंजय सिंह की उनमे उपस्थिति साठ प्रतिशत ही रही होगी। इनके पास समय कम है, मीटिंगों की सुधबुध ले तो पता चले कि क्रिकेट चलाने को लेकर कैसे काम होता है। जयदीप बिहानी ने कहा कि मेल लीक नही हुई है बल्कि लीक करवाई गई है। एडहॉक कमेटी में बीकानेर के रतन सिंह को सलेक्शन कमेटी का चैयरमेन बनाया गया है। रतन सिंह बार-बार तो बीकानेर से जयपुर नही आ सकते है ।



धनंजय सिंह खींवसर



जयदीप बिहानी

इसलिए वो कह देते है कि सलेक्शन को लेकर जो उचित फैसला हो वो ले लिया जाए। खिलाड़ियों के सलेक्शन में कोई कमी रहेगी तो रोज -रोज तो मीटिंग नही बुला सकते है और अगर मीटिंग बुलाए तो जब तक टूर्नामेंट ओर मैच दोनो खत्म हो जाएंगे। इसीलिए धनंजय के लगाए गए सारे-के सारे आरोप बेबुनियाद है। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहानी का कहना है कि सरकार ने सरकार ने क्रिकेट को दुरुस्त करने के लिए कमेटी बनाई थी,आज क्रिकेट सुचारू रूप से चल रहा है। राजस्थान के खिलाड़ियों का खेल प्रदर्शन सबके सामने देखने को मिल रहा है। राजस्थान के खिलाड़ी शतकीय पारियों के साथ-साथ तिहरे शतक बना रहे है। इन खिलाड़ियों का चयन सही हुआ है, इसी बात का प्रमाण है कि एडहॉक कमेटी अपना काम सही तरीके से कर रही है।

एडहॉक कमेटी में हो रहे विवाद के बारे में जयदीप बिहानी ने बताया कि कमेटी अपना काम अच्छे ढंग से कर रही है। जो खिलाड़ी टेलेंटेड है उन खिलाड़ियों को कौन प्रमोट करेगा? सबसे पहले जिला क्रिकेट संघ खिलाड़ी को प्रमोट करता है तभी तो आरसीए करेगा। सरकार ने इसी काम के लिए ही तो हमे यहां भेजा है। जयदीप बिहानी ने चुनाव को लेकर कहा कि अभी तक सभी जिलों की लिस्ट नही आई है जिनमे नए जिले भी शामिल है। जब तक सरकार ये फैसला नही लेती है कि इन जिलों को रखा जाएगा या नही, तब तक चुनाव नही हो पाएंगे। हम किसी भी जिले को वंचित नह रख सकते है, अगर हम अपने हिसाब से चुनाव कर दे तो अगर कोई जिला वंचित रह गया तो वो स्टे ले आएगा। तब हम क्या करेंगे? कमेटी को क्रिकेट बढ़िया करवानी है वो हम करवा ही रहे है, वो भी पूरी ईमानदारी से। आईपीएल को लेकर जयदीप ने कहा कि राज्य सरकार ही करवाएगी आईपीएल का सफल आयोजन। पिछली बार की तरह ही जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम को स्पोर्ट्स कॉउन्सिल से किराये पर लेकर।

# इंडिया विमेंस टीम ने तीसरा वनडे 5 विकेट से जीता

### वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया, रेणुका ठाकुर प्लेयर ऑफ द सीरीज

वडोदरा, 27 दिसंबर । भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने तीसरे और आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया। भारतीय टीम ने पहला मैच 211 और दूसरा 115 रन से जीता था। 3 वनडे में 10 विकेट लेने वालीं रेणुका सिंह ठाकुर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं।

वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.5 ओवर में 162 रन पर ही सिमट गई। जवाब में भारत ने 28.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 39 रन बनाए और 6 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हेनरी का अर्धशतक, दीप्ति को 6 विकेट



वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 38.5 ओवर में 162 रन बनाए। मैच के पहले ओवर में ही रेणुका सिंह ने दोनों ओपनर्स को आउट कर दिया। कीयाना जोसेफ और हेली मैथ्यूज बिना खाता खोले ही आउट हुईं। टीम के लिए शिनेले हेनरी ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। शेमाइन कैम्पबेल ने 46 रन बनाए। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने 6 विकेट झटके। रेणुका सिंह ने 4 विकेट लिए। दीप्ति ने नाबाद 39 रन बनाए टारगेट चेज करते हुए भारत ने 55 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे। स्मृति मंधाना 4, हरलीन देओल 1 और प्रतिका रावल ने 18 रन बनाए। यहां से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 32 रन और जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 रन की पारी खेली। वहीं दीप्ति ने 48 गेंद पर 39 और रिचा घोष ने 11 गेंद पर नाबाद 23 रन बनाए।इंडिया विमेंस ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 115 रन से हराया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अपने सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में भारत ने 5 विकेट के नुकसान पर 358 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज टीम 46.2 ओवर में 243 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

## बालक वर्ग 19 में जयपुर को खिताब तथा बालिका वर्ग में कोटा विजयी

जयपुर, 27 दिसंबर। जयपुर में चल रही राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन कई संघर्षपूर्ण व रोमांचक मुकाबले देखने को मिले ।अंडर-19 बालिका वर्ग टीम स्पर्धा में जयपुर ने बीकानेर को 3-0 से एक तरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया वहीं जोधपुर ने कोटा को तीन एक से परास्त कर फाइनल में स्थान बनाया। संपन्न हुए फाइनल मुकाबले में जयपुर ने जोधपुर को आकर्षक मुकाबले में तीन एक से हराकर खिताब पर कब्जा किया। वहीं बालक वर्ग 19 टीम स्पर्धा में कोटा ने अलवर को तीन शून्य से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया वहीं बीकानेर ने जयपुर की चुनौती को समाप्त करते हुए उसे तीन शून्य से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में कोटा ने एक तरफा मुकाबले में बीकानेर को तीन शून्य से परास्त कर खिताब पर कब्जा किया। बालक वर्ग 17 एकल मुकाबले में आरव आचार्य जयपुर ने सौरभ कपूर जयपुर को तीन एक से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया वहीं अरमान बाठिया बीकानेर ने लक्ष्य तोषनीवाल कोटा को तीन एक से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

# भारत के खिलाफ स्मिथ के सबसे ज्यादा शतक

मेलबर्न, 27 दिसंबर। मेलबर्न टेस्ट का दूसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। टीम ने स्टीव स्मिथ के शतक की मदद से 474 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। स्टंप्स तक कंगारुओं ने भारत के 164 रन पर 5 विकेट भी गिरा दिए। टीम को अभी भी फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन बनाने पड़ेंगे।

शुक्रवार को रिकॉर्ड की सूची में स्मिथ का नाम चर्चा में रहा। स्मिथ 34वां टेस्ट शतक लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ( ) में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी है। कप्तान पैट कमिंस ने में सबसे ज्यादा विकेट ले लिए हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में स्टीवन स्मिथ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके इस ट्रॉफी में अब तक 10 शतक हो गए हैं। स्मिथ ने सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली 9-9 बार को पीछे छोड़ा है। कमिंस में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं। कमिंस ने इस ट्रॉफी की 27 इनिंग में 62 विकेट लिए हैं। दूसरे नंबर पर पूर्व भारतीय गेंदबाज जहीर खान है, जिन्होंने 34 इनिंग में 61 विकेट लिए हैं। कमिंस ने मेलबर्न टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट किया।

भारत के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार को अपने करियर का 34वां शतक लगाया। यह शतक लगाते ही वह भारत के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 11 शतक लगाकर इंग्लैंड के जो रुट के 10 शतक को पीछे छोड़ा है। लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग 8 शतक के साथ तीसरे पायदान पर है।स्मिथ के तीनों फॉर्मेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने अब तक वनडे, टी-20 और टेस्ट मिलाकर 16 शतक लगाया है। दूसरे नंबर पर 14 शतक के साथ रिकी पोंटिंग है। तीसरे नंबर पर 13 शतक के साथ इंग्लैंड के जो रुट मौजूद है।

## 29वीं कैरम प्रतियोगिता 5 जन. से नेल्लोर में आयोजित

जयपुर, 27 दिसंबर। आल इंडिया कैरम फेडरेशन के तत्वावधान में 29 वीं अखिल भारतीय फेडरेशन कप कैरम प्रतियोगिता, 2024-25 आंध्र प्रदेश कैरम एसोसिएशन एवं नेल्लौर जिला कैरम एसोसिएशन के द्वारा दिनांक 5 जनवरी, 2025 से 8 जनवरी, 2025 तक नेल्लौर, आंध्रप्रदेश में आयोजित की जा रही है। राजस्थान कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज खत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान राज्य की पुरुष व महिला कैरम टीमें भी इस प्रतियोगिता में भाग लेगी। राजस्थान की पुरुष एवं महिला कैरम टीमों का चयन कर लिया गया है।

राजस्थान की दोनों टीमें 2 जनवरी, 2025 को नेल्लौर के लिए जयपुर से प्रस्थान करेगी। अध्यक्ष खत्री ने यह भी बताया कि नेल्लौर में ही इस प्रतियोगिता के दौरान 7 जनवरी, 2025 को आल इंडिया कैरम फेडरेशन की कार्यकारिणी की एक बैठक भी आयोजित की जा रही है जिसमें 2025-26 वर्ष के दौरान आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की विविध कैरम प्रतियोगिताओं का कैलेंडर सुनिश्चित किया जाएगा।

# पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने भारत को संकट में डाला

मेलबर्न, 27 दिसंबर। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड (दो-दो विकेट) ने चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के आखिरी सत्र में भारत के 164 के स्कोर पर पांच विकेट गिरा कर भारतीय टीम का संकट बढ़ा दिया हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऋषभ पंत (नाबाद छह) और रवींद्र जडेजा (नाबाद चार) रन बनाकर क्रीज पर थे। इससे पहले स्टीव स्मिथ (140) की शतकीय, उस्मान ख्वाजा (57), सैम कॉन्स्टास (60) , मार्नस लाबुशेन (72) और कप्तान पैट कमिंस (49) रनों की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 474 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां के कल के छह विकेट पर 311 रन से आगे खेलना शुरु किया। रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (49) को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। जडेजा ने इसके बाद मिचेल स्टार्क (15) कोभी अपना शिकार बना लिया। स्टीव स्मिथ को आकाश दीप ने बोल्ड आउट किया। स्मिथ ने 197 गेंदों में 140 रनों की पारी खेली। नेथन लायन (13) को बुमराह ने पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का 474 के स्कोर पर अंत कर दिया था।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिये। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। आकाश दीप ने दो और वॉशिंगटन सुंदर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र आठ रन पर कप्तान रोहित शर्मा (तीन) का विकेट गवां दिया। रोहित को पैट कमिंस ने आउट किया। इसके बाद चायकाल से ठीक पहले कमिंस ने केएल राहुल (24) को आउटकर भारत को दूसरा झटका दिया। इसके बाद विराट कोहली ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 102 रनों की साझेदारी हुई। शतक की ओर बढ़ रहे यशस्वी 41वें ओवर में रन आउट हो गये।

यशस्वी ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (82) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में स्कॉट बोलैंड ने विराट कोहली (36) को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। इसके बाद बोलैंड ने आकाश दीप (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने पांच विकेट पर 164 रन बना लिये है और ऋषभ पंत (नाबाद छह) और रवींद्र जडेजा (नाबाद चार) रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो- दो विकेट लिये।


## मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड का निराशाजनक खेल जारी

मैनचेस्टर, 27 दिसंबर। पेनल्टी स्पॉट पर एर्लिंग हालैंड की विफलता और ब्रूनो फर्नांडिस के रेड कार्ड ने प्रीमियर लीग की दो दिग्गज टीमों मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड की मुश्किलें बढ़ा दी जबकि लीवरपूल को लीसेस्टर के खिलाफ ऐसी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। लीवरपूल ने एनफील्ड में कोहरे के बीच खेले गए मैच में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीसेस्टर पर 3-1 से जीत हासिल की। इस जीत से टीम ने 7 अंक की बढ़त के साथ अंकतालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। लीवरपूल के 17 मैचों में 42 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज चेल्सी के नाम 18 मैचों में 35 अंक है। सिटी को एवर्टन के खिलाफ घरेलू मैदान पर 1-1 से ड्रॉ खेलकर अंक साझा करने पर मजबूर होना पड़ा।





# जयपुर में ''मावठ'' के साथ सर्द हवाओं ने छुड़ाई धूजणी



**जयपुर में शुक्रवार को दिनभर रुक-रुक कर होती रही बारिश से दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी होती रही। सूरज के दर्शन नहीं होने से तापमान में कमी रही जिससे लोग सर्दी से कांपते रहे। विजिबिलिटी भी कम रही। बड़ी चौपड़ पर हुई बारिश का नज़ारा।**



**गुलाबी नगरी जयपुर में क्रिसमस व न्यू ईयर सेलिब्रेशन और सर्दी की छुट्टियों का लुत्फ उठाने आये पर्यटकों ने शुक्रवार को बारिश के बीच जंतर-मंतर देखने का आनंद लिया।**

- **दिनभर बारिश से तापमान में गिरावट आई, बादलों व कोहरे के कारण नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन**
- **मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई हैं।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । पश्चिम विक्षोभ के चलते राजधानी जयपुर समेत पूरे राजस्थान में ''मावठ'' का दौर शुरू हो गया है। गुरूवार रात को हल्की बारिश के बाद लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को दिनभर हल्की बारिश का दौर चला। ऐसा लगा मानों सावन का महीना चल रहा है। एक तरफ जहां बादलों और कोहरे के कारण दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए, वहीं दूसरी तरफ सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है।

बीते दो दिनों से हो रही बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है। ''मावठ'' के साथ-साथ कोहरे के कारण एकबारगी तो जयपुर का नजारा भी शिमला-मनाली जैसा लगा। क्रिसमस (25 दिसंबर) से लेकर नववर्ष का स्वागत के लिए जयपुर में इन दिनों देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ भी उमड़ी हुई है। यह लोग भी बारिश की बूंदों के बीच जयपुर की हैरिटेज विरासतों को निहारते नजर आए। जयपुर में कोहरे के कारण दिन में अंधेरा होने के कारण रास्ते पर चल रही गाड़ियों को हैडलाइट जलानी पड़ी। जयपुर का जलमहल शुक्रवार सुबह हल्की बारिश और कोहरे के बीच बेहद खूबसूरत नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को जयपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुककर दिन भर हल्की बरसात का दौर जारी रहा, जिससे तापमान में कमी आने से ठंड में बढोत्तरी हुई। मौसम विभाग ने 24 घंटों में अजमेर, जयपुर एवं भरतपुर संभाग के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई हैं, हालांकि शनिवार को पश्चिमी राजस्थान में हल्की बारिश के दौर में कमी आयेगी, जबकि कोटा क्षेत्र में कुछ स्थानों पर हल्की बरसात का दौर जारी रहने की संभावना है। इसके बाद 29 दिसंबर से पांच-सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने तथा अगले तीन-चार दिनों तक घना कोहरा भी छाया रहने की संभावना है।

पिछले 24 घंटों में नीमकाथाना में सर्वाधिक 30 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। इसी तरह अजमेर के पीसांगन एवं पुष्कर 20-20, सीकर के दांतारामगढ़, रामगढ़ शेखावतन, झुंझुनूं के चिडावा एवं पिलानी, झुंझुनूं, नवलगढ़, सीकर, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, चूरु के रतनगढ़, हनुमानगढ़ के भादरा आदि क्षेत्रों में 10 मिलीमीटर वर्षा हुई। इससे प्रदेश के तापमान में गिरावट आई और सबसे कम 5.4 डिग्री सेल्सियस चुरु में दर्ज किया गया। इसी तरह जैसलमेर में 9.6 डिग्री सेल्सियस न्यूतम तापमान रहा, जबकि शेष लगभग सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इस दौरान पर्यटन स्थल माउंट आबू में 11.4 एवं जयपुर में 16 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। इस बारिश से प्रदेश में फसलों को फायदा पहुंचेगा, जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान हैं।

## जेकेके में सजेगी गायन-वादन की महफिल

**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र की ओर से 28 और 29 दिसंबर को गायन और वादन के दो दिवसीय उत्सव मधुरम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रसिद्ध कलाकार अपनी गायन और वादन की प्रस्तुति के साथ कला प्रेमियों से रूबरू होंगे। पहले दिन शनिवार को जितेंद्र राणा उप शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी के साथ बैंड प्रस्तुति में डॉ. राजर्षि कसौधन और रोशनी केशरी, बांसुरी वादन और गायन की संयुक्त प्रस्तुति से समां बाधेंगे। दूसरे दिन रविवार को डॉ. सुनील राही अपनी सुरीली आवाज में ग़ज़ल का गुलदस्ता सजाएंगे। वहीं विभिन्न बॉलीवुड सॉन्स में अपनी सारंगी की धुन का जादू दिखाने वाले मोमिन खान एकल वादन प्रस्तुति देंगे।

## राज्य सरकार ने डीप फेक से सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की

**जयपुर**। डीप फेक एवं आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस का दुरूपयोग कर सोशल मीडिया पर गलत खबरें फैलाने की बढ़ती हुई घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। इससे आमजन में साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। एजवाइजरी के माध्यम से व्यक्तियों और संगठनों को डीपफेक के संभावित खतरों को पहचानने और उनसे बचाव के लिए सुझाव दिये गए हैं। डीपफेक एक तकनीक है जिसमें एआई का उपयोग कर यथार्थ और विश्वसनीय लगने वाले नकली वीडियो, चित्र और ऑडियो बनाए जाते हैं। इसके माध्यम से गलत सूचनाएं फैलाने, साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी करने का काम किया जाता है।

# शनिवार से संभागवार विधायकों से मुलाकात करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल

## कहा जा रहा है कि इन मुलाकातों का उद्देश्य बजट सत्र से पहले विधायकों की नाराज़गी दूर करना है

- **मुख्यमंत्री शनिवार को कोटा संभाग के विधायकों से चर्चा करेंगे। रविवार को जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर संभाग के विधायकों से मिलेंगे तथा सोमवार को अजमेर, बीकानेर, जयपर संभाग के विधायकों से मुलाकात करेंगे।**
- **इस अभियान में विधायकों से आगामी बजट के लिये सुझाव लिये जायेंगे तथा उनके विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी बजट घोषणाओं की समीक्ष भी होगी।**

जयपुर, 27 दिसम्बर। सरकार जनवरी के तीसरे सप्ताह में विधानसभा सत्र (बजट सत्र) बुला सकती है। बजट पेश होने के कारण यह सत्र करीब एक महीने तक चल सकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तय किया है कि इस सत्र से पहले, वे पार्टी के सभी विधायकों से बातचीत करेंगे। सदन में पहले भी भाजपा के विधायक अपनी ही सरकार को घेरते हुए नजर आए थे और कई विधायक अपनी ही सरकार में काम नहीं होने को लेकर निजी व सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जता चुके हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए सीएम भजनलाल शर्मा विधायकों से संभागवार फीडबैक लेने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री तीन दिन में सात संभागों के विधायकों से और अगले तीन दिन सीएमआर में संभागवार सभी विधायकों से चर्चा करेंगे। चर्चा की शुरुआत शनिवार को कोटा संभाग के विधायकों से होगी। रविवार को जोधपुर, उदयपुर और भरतपुर के विधायकों से तथा सोमवार को अजमेर, बीकानेर और जयपुर के विधायकों से बातचीत करेंगे।

संभावना है कि मुख्यमंत्री विधायकों के साथ बैठक में जनवरी माह में होने वाले रोजगार उत्सव, उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह के साथ ही, विधायकों द्वारा अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की पुस्तिका जारी करने के संबंध में चर्चा करेंगे।

विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी। टीबी मुक्त अभियान की विस्तृत जानकारी, पंच गौरव कार्यक्रम (एक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक प्रजाति, एक जिला-एक खेल, एक जिला-एक उपज, एक जिला-एक स्थल) के दिशा निर्देशों पर चर्चा होगी। वहीं, विधायकों से आगामी बजट एवं प्रदेश के विकास के रोडमैप को लेकर सुझावों पर चर्चा की जाएगी।

गौरतलब हैं कि पहले भी कई विधायक नाराजगी जता चके हैं। पिछले विधानसभा सत्र में बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया था। उन्होंने अपनी ही सरकार के वन विभाग पर वसूली करने के आरोप लगाए थे।

उन्होंने विधानसभा में वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर बोलते हुए कहा था कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में वनकर्मी चौथ वसूली कर रहे हैं। बजरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी की बताकर कम जुर्माना लगाया जाता है। ट्रैक्टर मालिक से 50-50 हजार रुपए की रिश्वत ली जाती है।

लालसोट से भाजपा विधायक रामबिलास मीणा अपनी ही सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की कार्यशैली से नाराज हो गए थे। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि वे मुख्यमंत्री से उनकी शिकायत करेंगे।

आगामी बजट को लेकर भी बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा विधायकों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इसमें आगामी बजट के लिए सुझाव और विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी बजट घोषणाओं की समीक्षा भी होगी।

## बठिंडा में बस नाले में गिरी : आठ की मौत

- **भारी वर्षा, तेज हवा व बिजली गिरने से बस का संतुलन बिगड़ा।**

बठिंडा, 27 दिसंबर। पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार दोपहर भारी बारिश के बीच 44 यात्रियों को ले जा रही एक निजी बस गंदे नाले में गिर गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल राहत कार्यों को अंजाम देने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचीं। उन्होने बताया कि एक निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस मानसा जिले के सरदूलगढ़ से करीब 70 किलोमीटर दूर बठिंडा जा रही थी। जब बस अपने गंतव्य से करीब 13 किलोमीटर दूर थी, तो यह तलवंडी रोड पर जीवन सिंह वाला में लिसारा नाले में पलट गई। कोंडल ने कहा, प्रशासन और पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से बचाव अभियान चलाया गया। एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की एक टीम को भी बुलाया गया और वह इलाके की जांच करने के लिए मौके पर पहुंची। आस-पास के गांवों के निवासियों ने कहा कि वे पुलिस और नागरिक प्रशासन के हरकत में आने से पहले ही दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए थे।

# चौमूं में स्कूल बस पुलिया से टकराई, शिक्षक की मौत

## सारांश कोचिंग की बस में सवार 30 बच्चों में से 9 घायल हुए

- **स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित होने के बावजूद कोचिंग इन्स्टीट्यूट में स्कूल चल रहा था। बस का ब्रेक फेल होने के कारण बस भोजलावा कट पर निर्माणाधीन पुलिया से टकराई।**

चौमूं/कालाडेरा, 27 दिसंबर। चौमूं शहर में एनएच-52 पर भोजलावा कट के पास शुक्रवार सुबह स्कूल के बच्चों से भरी बस ब्रेक फेल होने के कारण निर्माणाधीन पुलिया में घुस गई। इस हादसे में बस ड्राइवर व नौ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए और एक शिक्षक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बस में करीब 30 से अधिक बच्चे सवार थे। हादसे के दौरान, मौके पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलने पर चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। स्कूल बस सारांश कोचिंग इंस्टीट्यूट की बताई जा रही है।

गौरतलब है कि जयपुर जिला कलेक्टर की ओर से 10 दिवसीय शीतकालीन अवकाश घोषित होने के बाद भी सारांश कोचिंग इंस्टीट्यूट में स्कूल संचालित हो रही है।

चौमूं उपखण्ड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि, कोचिंग इंस्टीट्यूट की बस इटावा से चौमूं आ रही थी। इसी दौरान, एनएच-52 पर भोजलावा कट के पास बस का ब्रेक फेल हो गया। बस अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुलिया से टकरा गई। हादसे में टीचर आंनदीलाल शर्मा (39) पुत्र रामेश्वर प्रसाद शर्मा निवासी बावड़ी की ढाणी, तिगरिया की मौत हो गई।

चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि एक स्टूडेंट की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि 8 स्टूडेंट्स और बस ड्राइवर को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। शिक्षक का शव चौमूं के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

## चारागाह जमीन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भूमि पर भूमाफियाओं ने अतिक्रमण कर दुकानें बना ली हैं। अदालत ने अतिक्रमण हटाने के संबंध में पिछली सुनवाई पर तहसीलदार बैजूपाड़ा से रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन तहसीलदार व एसडीएम ने अभी तक अतिक्रमण हटाने की कोई भी कार्रवाई नहीं की है। अधिकारियों की ओर से अतिक्रमियों को नोटिस जारी कर पुलिस जाब्ता नहीं मिलने का बहाना बनाकर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने स्थानीय कलेक्टर को शपथ पत्र पेश कर अतिक्रमण हटाने की रिपोर्ट पेश करने को और ऐसा नहीं करने पर उन्हें व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर अपना जवाब देने को कहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकारा

- **डल्लेवाल की चिकित्सा को गंभीरता से लेने के निर्देश दिये।**

नयी दिल्ली, 27 दिसंबर। उच्चतम न्यायालय ने कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी समेत, अन्य मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा खनौरी सीमा पर 26 नवंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के चिकित्सा संबंधी मामले से निपटने में पंजाब सरकार के रवैये पर शुक्रवार को नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इसे गंभीरतापूर्वक लिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह से कहा, कृपया इसे बहुत गंभीरता से लें, किसी की जान दांव पर लगी है। शायद आप इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अन्यथा, आप अब तक उन्हें चिकित्सा सहायता दे चुके होते।

पीठ ने पंजाब सरकार से दल्लेवाल को चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि अगर कुछ लोग कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा करते हैं, तो उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर होने के कारण, उससे शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। पीठ ने मामले में नोटिस जारी करते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का भी आदेश दिया।

पीठ के समक्ष महाधिवक्ता ने कहा कि पंजाब के कैबिनेट मंत्री दल्लेवाल से मिलने गए थे, जहां उन्हें प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र सौंपा गया था। उस पत्र में कहा गया था कि अगर केंद्र हस्तक्षेप करता है, तो स्थिति शांत हो जाएगी। उन्होंने बताया कि दल्लेवाल ने कहा कि अगर कुछ बातचीत हो सकती है तो वह चिकित्सा सहायता के लिए सहयोग करने को तैयार हैं।

## मूंग खरीद का लक्ष्य व अवधि बढ़ायें

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा।**

जयपुर, 27 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के किसानों के हित में मूंग के खरीद लक्ष्य को बढ़ाने सहित, खरीद अवधि को भी 5 फरवरी तक बढ़ाने के संबंध में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। शर्मा ने राज्य में असमय हुई वर्षा एवं भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मूंग खरीद के लिए गुणवत्ता मापदण्डों में शिथिलता प्रदान करने के लिए भी केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को पत्र लिखा है। इससे अधिकाधिक किसानों से मूंग की खरीद सुनिश्चित होने के साथ ही, उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी।

# पांचवे दिन भी बोरवैल से नहीं निकल पाई चेतना

## रूक-रूक कर हो रही बारिश से बोरिंग का काम पूरा नहीं हो पा रहा

- **सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विधायक हंसराज पटेल ने रेस्क्यू अभियान की मॉनिटरिंग की।**

कोटपूतली, 27 दिसंबर। ग्राम किरतपुरा की ढाणी बड़ीयाली में सोमवार 23 दिसम्बर की दोपहर करीब 02 बजे बोरवेल में गिरी 03 वर्षिय मासूम बालिका चेतना, पुत्री भूपेन्द्र चौधरी का 'रेस्क्यू ऑपरेशन' 5वें दिन में प्रवेश कर चुका है। जैसा कि विदित है कि चेतना पांच दिन पूर्व 150 फिट गहरे गड्ढे में गिर गई थी।

प्रशासन एक के बाद एक प्रयोग कर रहा है किन्तु करोड़ों रुपये खर्च करने और तमाम प्रयासों के बाद भी चेतना को बोरवेल से बाहर नहीं निकाल पाया है। शुक्रवार को 05 वें दिन करीब 100 घण्टे का समय बीत जाने के बाद भी चेतना का रेस्क्यू ऑपरेशन सफल नहीं हो सका। कुल मिलाकर अब यह 'रेस्क्यू ऑपरेशन' राजस्थान का सबसे लंबा चलने वाला रेस्क्यू ऑपरेशन बन गया है। प्रशासन व सरकार के स्तर पर चर्चायें कुछ भी हों, लेकिन यह बीता हुआ 100 घण्टों का समय चेतना व उसके परिवार के लिये बड़ा ही कष्टदायी रहा है। बोरवेल में पांच दिन से भूख-प्यास से पीड़ित मासूम बच्ची की पुकार तो किसी को सुनाई नहीं दे रही है, लेकिन चेतना की माँ धोली देवी बार-बार बेहोश हो रही है। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार हालात की मॉनीटरिंग कर रही है, डॉ. शेखावत ने बताया कि धोली देवी कुछ खा नहीं रही हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है।

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विधायक हंसराज पटेल ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर परिजनों से भी बातचीत की। घटना के बाद से ही एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, एसपी राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट सहित, पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं एवं लगातार मौके को सम्भाले हुये हैं पुलिस ने किरतपुरा की ढ़ाणी बडियाली की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरीकेडिंग भी की है।

उल्लेखनीय है कि चेतना करीब 750 फिट गहरे बोरवेल में करीब 150 फीट पर अटकी हुई है। प्रशासन का प्लान ए विफल रहने के बाद प्लान बी के तहत हरियाणा के गुरूग्राम से मंगवाई गई पाईलिंग मशीन ने गुरूवार सुबह 03 बजे तक करीब 155 फिट गहरा गड्ढा खोदा, जिसके बाद गहराई में पत्थर आ जाने की वजह से करीब 03 घण्टे तक रेस्क्यू अभियान रूका रहा। बाद में पाईलिंग मशीन की बिट चेंज करके 160 फिट तक खुदाई की गई। एनडीआरएफ निरीक्षक योगेश मीणा ने बताया कि इसके बाद पाईलिंग मशीन को बदलकर करीब 170 फिट खुदाई की गई है। गुरूवार रात्रि को बोरवेल की खुदाई के बाद केसिंग का कार्य किया जा रहा था। लेकिन रात्रि करीब 01 बजे शुरू हुई बारिश आफत का सबब बन गई। बारिश के कारण पाईपों की केसिंग में वैल्डिंग का कार्य पूरा नहीं हो सका, जिसके चलते रात भर कार्य रूका रहा। शुक्रवार को दिन भर हुई बारिश के कारण इन पाईपों की केसिंग में वैल्डिंग का कार्य रूक-रूक कर जारी रहा। बताया जा रहा हैं कि केसिंग का कार्य अन्तिम चरण में है। फिलहाल 'जी शेप हुक' के जरिये बच्ची को बोरवेल में अटकाया हुआ है। जहां देशी तकनीक से एल बैंड लगाकर अम्ब्रेला बेस व जी शेप हुक लगाकर होल्ड पर रखा गया है।

समाचार लिखे जाने तक एनडीआरएफ टीम गड्ढे में उतरने की तैयारियां कर रही थी। इसके लिये विशेष तौर पर ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य तकनीकी तैयारियां की गई हैं। टीम को पाइप की केसिंग में बैठाकर बोरवेल में नीचे उतारा जायेगा।

## बिहार में सत्तारूढ़ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लगाया जा रहा है कि नीतीश कुमार को एन.डी.ए. मार्ग दर्शक मंडल की ओर धकेलने की रणनीति के तहत उन्होंने यह सब कहा।

जे.डी.ए. नेताओं ने सीधे ही इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है, परंतु असंतोष के सूक्ष्म संकेत नजर आने लगे हैं। पार्टी के एक्स हैंडल द्वारा जारी एक पोस्टर का कैप्शन था : "जब बिहार की बात हो, तो नाम सिर्फ नीतीश कुमार हो।"

भाजपा तथा जे.डी.ए., दोनों के लिए यह स्थिति पेचीदा है। कुमार की चिंता यह है कि चुनाव बाद के परिदृश्य में, जद यू के बिना भाजपा राज्य में सरकार गठित करने का प्रयास कर सकती है, जिसके लिए वह, जीतन राम मांजी की एच.ए.एम. और चिराग पासवान की ए.जे.पी. (रामविलास) जैसी, एन.डी.ए. गठबंधन की छोटी पार्टियों का सहारा ले सकती है। भाजपा के लिए चिंता यह है कि नवंबर में होने वाले चुनावों से पूर्व कुमार एक बार फिर पाला बदलकर महागठबंधन में जा सकते हैं।

विपक्षी दल आर.जे.डी. ने इस अनिश्चितता का फायदा उठाना शुरू कर दिया है। आर.जे.डी. के प्रमुख लालू यादव के करीबी तथा विधायक, भाई वीरेन्द्र ने हाल ही में कहा कि आर.जे.डी. फिर से कुमार के साथ गठबंधन के लिए तैयार है, अगर वे भाजपा जैसी साम्प्रदायिक ताकतों से सम्बंध तोड़ देते हैं तो।

## विधवा ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पीड़िता ने जयपुर में अपने परिचितों के यहां पर शरण ली है।

इस मामले में जमीन पर खेती कर रहे रामनिवास बलाई ने भी प्रागपुरा थाने में एसटी एससी और जबरन घुसकर मारपीट करने, जानलेवा हमले और कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# मणिपुर के लोगों के हृदय में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनकी इस यात्रा के शीघ्र बाद ही यह कानून इंफाल की नगरपालिका सीमा से उठा दिया गया था। यह एक ऐसा निर्णय था, जिसकी गूँज मणिपुरवासियों की आकांक्षाओं से पूरी तरह एकाकार हो गई थी।

दो वर्ष बाद, 2 दिसम्बर, 2006 को डॉ. सिंह विकास-केन्द्रित कदमों के साथ मणिपुर गये थे उन्होंने कई प्रमुख पहलों की घोषणा की थी, जिनमें शामिल हैं- रीजनल इन्स्टीट्यूट ऑफ मैडिकल साइंसेज (रिम्स) को एम्स के स्तर तक उठाना, स्थानीय प्रतिभाओं के विकास एवं प्रशिक्षण के लिये नैशनल स्पोर्ट्स एकेडमी स्थापित करना, राज्य की पहुँच एवं आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाने के लिये सड़क एवं हवाई कनैक्टिविटी बढ़ाना आदि।

उनके इस दौरे से प्रधानमंत्री की उस प्रतिबद्धता को बल मिला कि राष्ट्रीय नीति-निर्माण में प्राय: उपेक्षा का शिकार रहे इस क्षेत्र में विकास संबंधी अंतर को समाप्त किया जाये।

डॉ. सिंह का तीसरा मणिपुर-दौरा, जो 3 दिसम्बर 2011 को हुआ था, कई मैगा प्रोजैक्टों के उद्घाटनों की दृष्टि से उल्लेखनीय रहा। इस दौरे पर यू.पी.ए. चेयरमैन सोनिया गांधी भी उनके साथ गई थीं। उन्होंने सिटी कन्वेन्शन सैन्टर, जो सांस्कृतिक तथा सरकारी आयोजनों का है, इन्टर-स्टेट बस टर्मिनस, जिसका उद्देश्य क्षेत्र को यातायात की बेहतर तथा पर्याप्त सुविधायें प्रदान करना था तथा उच्च न्यायालय परिसर, जो न्यायिक प्रगति का प्रतीक था, के उद्घाटन किये थे।

मणिपुर के लोगों को संबोधित करते हुये, डॉ. सिंह ने मणिपुर की जमीनी अखण्डता तथा राज्य के समग्र विकास के प्रति केन्द्र सरकार की सुनिश्चित प्रतिबद्धता को दोहराया था।

प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. सिंह का कार्यकाल समानुभूति तथा कार्य का अद्भुत संगम था तथा उसने मणिपुर पर अमिट प्रभाव छोड़ा था।

अफ्सपा तथा काँगला फोर्ट जैसी पुरानी शिकायतों और तकलीफों से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा चिकित्सा क्षेत्र में उन्नति के जरिये, विकास संबंधी आकांक्षाओं के पोषण तक उनकी ये यात्राएं मणिपुर के तत्कालीन इतिहास के महत्वपूर्ण एवं निर्णायक क्षण थीं।

मणिपुर के लोग, अपने संघर्षों के बीच, उन्हें एक नेता के रूप में याद करते हैं, जिन्होंने उथल-पुथल वाले दौर में उनकी बातें सुनी तथा जरूरी कदम उठाये।

उनकी विरासत, केन्द्र और परिधि के बीच के अंतर को पाटने में प्रभावी प्रशासन की छाप को याद दिलाने का काम कर रही है।

## काफी मंथन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाद में, मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा, सिंह का जीवन ईमानदारी और सादगी की मिसाल था। उन्होंने देश को आर्थिक संकट से उबारा और नई अर्थव्यवस्था का पथ प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री के रूप में, देश के विकास एवं प्रगति में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी से सिंह का पृथक स्मारक बनाने को कहा, ताकि उनकी विरासत हमेशा बनी रहे। राहुल और प्रियंका ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पृथक स्मारक बनवाने की मांग की।

## बिहार में फिर छात्रों के साथ सड़क पर उतरे खान सर

- **बी.पी.एस.सी. के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन जोर पकड़ रहा है।**

पटना, 27 दिसम्बर। बिहार के मशहूर शिक्षक खान सर एक बार फिर बीपीएससी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने पटना में जारी छात्रों के प्रदर्शन में पहुंचकर छात्रों के साथ खड़े रहने की बात कही। उन्होंने इस दौरान कहा कि हम सब अपना हक मांगने के लिए यहां हैं। उन्होंने इस दौरान कहा कि हम तब तक लड़ेंगे जब तक हम सभी को अपना हक नहीं मिल जाता है। 25 दिसंबर को बीपीएससी के खिलाफ जारी प्रदर्शन शामिल छात्रों पर पुलिस की लाठीचार्ज के बाद ये पहला मौका है जब खान सर छात्रों के साथ एक बार फिर खड़े दिख रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर 25 दिसंबर की शाम को बिहार पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। पुलिस ने उस वक्त लाठीचार्ज किया था जब छात्र बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि पुलिस पहले छात्रों को बीपीएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने से रोकने की कोशिश कर रही थी लेकिन जब प्रदर्शनकारी छात्र नहीं मानें तो पुलिस को उनके ऊपर लाठीचार्ज करना पड़ा।

## क्या भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रहे हैं और प्रधानमंत्री का रिकॉर्डेड संदेश प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री की जोरदार तारीफ की है। इसके साथ भाजपा नेताओं और मोदी सरकार के मंत्री भी टी.वी. स्क्रीन पर नज़र आए और डॉ. मनमोहन सिंह की तारीफ की।

कुछ चैनल्स ने तो यह कहानी शुरु कर दी है कि डॉ. सिंह के कांग्रेस पार्टी से वह सम्मान और सहयोग नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। वे संकेत दे रहे हैं कि कैसे सोनिया तथा समूचे गांधी परिवार ने उनके साथ बुरा व्यवहार किया था तथा उन पर अपना एजेंडा चलाने का दबाव डाला था।

अगले कुछ दिन तक गोदी मीडिया पर ऐसी ही खबरें चलेगी, डॉ. सिंह और सोनिया के बीच कितना मनमुटाव तथा मतभेद था।

क्या यह निरंतर कवरेज इसलिए मिल रहा है कि डॉ. सिंह गैर गांधी प्रधानमंत्री थे?

जब वे जीवित थे तब भाजपा ने डॉ. सिंह को अपमानित करने व उनकी छवि खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन पर "एक्सीडैंटल प्राइम मिनिस्टर" जैसी फिल्म बनाई गई। मोदी ने तो यहाँ तक कहा कि डॉ. सिंह रेन कोट पहनकर नहाते हैं।

डॉ. सिंह को भाजपा ने कठपुतली, कमज़ोर शख्स बताया, उन्हें ट्रोल किया गया तथा संघ समर्थकों ने उनका खूब मज़ाक उड़ाया।

सूत्रों ने कहा अब अचानक से मनमोहन सिंह के प्रति इतना प्रेम उमड़ रहा है, खासकर नरेन्द्र मोदी द्वारा जो प्रेम जताया जा रहा है, उससे पता चलता है कि भाजपा में उच्चतम स्तर पर घटिया राजनीति खेली जाती है।

## राजस्थान में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संस्कार के दिन सभी राजनयिक मिशनों एवं विदेशों में भी उच्चायोगों में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे।

## हिमाचल प्रदेश में हिमपात लगातार जारी

शिमला, 27 दिसंबर। हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। राज्य की पर्वत श्रृंखलाओं पर बीती रात से हिमपात हो रहा है। वहीं राजधानी शिमला से सटे पर्यटन स्थल कुफ़री, नारकंडा, खड़ापत्थर, जुब्बल, कोटखाई, चौपाल इत्यादि क्षेत्रों में सुबह से हिमपात का दौर शुरू हो गया है। ताजा हिमपात से अपर शिमला में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। नारकंडा में दो इंच से ज्यादा हिमपात हो चुका है। इस वजह से शिमला-रामपुर नेशनल हाईवे ठप हो गया है और वाहनों को वाया सुन्नी होकर भेजा जा रहा है। शिमला शहर में हल्की बारिश हो रही है और यहां मौसम हिमपात के अनुकूल बना हुआ है। राज्य के मैदानी हिस्सों में भी कुछ जगह हल्की वर्षा हो रही है।

राज्य के पहाड़ी इलाकों में दिसम्बर में यह सीज़न की तीसरा हिमपात हो रहा है। इससे पहले आठ दिसम्बर और 23-24 दिसम्बर को भी हिमपात हुआ था।

# फैन्स को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी फिल्म स्टार्स को उठानी चाहिए

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवन्त रेड्डी की फिल्म उद्योग को दो टूक सलाह

-लक्ष्मण वैंकट कुची-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के समय संध्या थिएटर में मची भगदड़ में सरकार द्वारा अल्लू अर्जुन को जिम्मेवार माने जाने व कस्टडी में लिए जाने को लेकर उठे विवाद के बाद फिल्म उद्योग का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला, जिसमें मुख्यमंत्री ने उक्त सलाह दी।**
- **मीटिंग में मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि कानून सभी के लिए समान है, चाहे वो फिल्म स्टार हो या आम आदमी।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा कि भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई, उसका बच्चा कोमा में है, पर सब अल्लू अर्जुन से सहानुभूति दिखा रहे हैं। इसके बाद तेलुगू फिल्म उद्योग ने मृतका के परिजनों को दो करोड़ रूपए देने की घोषणा की।**
- **मुख्यमंत्री ने फिल्म उद्योग की समस्याएं निपटाने का आश्वासन दिया और इसके लिए मंत्रियों का एक समूह गठित किया तथा फिल्म उद्योग को भी सलाह दी कि वे एक प्रतिनिधिमंडल बनाएं जो सरकार से सीधे वार्ता कर सके।**

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर ऐसे आरोप लगाये जा रहे थे कि वह तेलुगू फिल्म उद्योग के खिलापु उत्तेजना पैदा कर रही है तथा चाहती है कि फिल्म उद्योग, राजनैतिक रूप से, उसके अनुसार काम करे। इन आरोपों के बीच, राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी गुरुवार को शीर्ष फिल्म प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की तथा रेड्डी ने फिल्म उद्योग को हर संभव मदद देने का वादा किया। प्रतिनिधिमंडल में पुष्पा-2 के अभिनेता अल्लू अर्जन के पिता, जाने माने फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद भी शामिल थे।

हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई भगदड़, जिसमें एक महिला रेवती की मौत हो गई थी तथा उसका 9 साल का बेटा कोमा में हैं, को देखते हुए यह मीटिंग महत्वपूर्ण है। ऐसे राज्य, जहाँ फिल्मों और राजनीति का गहरा रिश्ता है, वहाँ यह मीटिंग और भी ज्यादा मायने रखती है। ज्ञातव्य है कि जब आंध्र प्रदेश विभाजित नहीं हुआ था, उस समय एक फिल्म स्टार एन.टी. रामाराव ने तेलूगु देशम पार्टी बनाई और 9 माह बाद हुए चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया था। इस समय उनके दामाद एन. चंद्रबाबू नायडू आंध्र के मुख्यमंत्री हैं तथा उनके कई रिश्तेदार जो फिल्मों में है, उन्होंने पार्टी का प्रचार भी किया था। एन.टी.आर. के पोते जूनियर एन.टी.आर. को भाजपा ने अपनी तरफ करने की बहुत कोशिश की, पर उसने राजनीति में आने से मना कर दिया।

भगदड़ केस में जब अल्लू अर्जुन को आरोपी बनाया गया तो भाजपा तुरंत उनके बचाव में उतर आई, उसने कांग्रेस पर फिल्म उद्योग को परेशान करने का आरोप लगाया ताकि फिल्मों से जुड़े लोगों को अपने पास में किया जा सके। लेकिन मुख्यमंत्री रेवन्त रेड्डी, जो कि अल्लू अर्जुन के परिवार के करीबी बताए जाते हैं, ने भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है और पुलिस अपना काम कर रही थी, अगर अल्लू अर्जुन ने कुछ गलत किया हे तो जाँच होगी और कानून के अनुसार उन्हें सजा भी होगी।

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार थिएटर में हुई भगदड़ को लेकर गंभीर है। उन्होंने इस बात की निंदा की, सारा फिल्म उद्योग अल्लू अर्जुन के घर जाकर उनके प्रति सद्भाव दर्शा रहा है, पर उस महिला रेवती और उसके परिवार के प्रति कोई सहानुभूति नहीं जता रहा है। रेवती का 9 साल का बेटा श्री तेज अभी भी कोमा में है।

विरोध प्रदर्शन के काफी बाद में अल्लू अर्जुन एवं फिल्म निर्माताओं ने पीड़ित परिवार को दो करोड़ रूपए देने की घोषणा की।

जाँच चल रही है, पर फिल्म इण्डस्ट्री एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला तथा उन्हें इण्डस्ट्री की समस्याओं से अवगत करवाया और सहायता मांगी।

मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि फिल्मी हस्तियों को अपने फैन्स को नियंत्रित करने की जिम्मेवारी उठानी चाहिए। कानून और व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने नागार्जुन (जिनका एक भवन नॉन अप्रूव्ड ज़ोन में होने के कारण सरकार ने तोड़ दिया था), वैंकटेश भी शामिल थे, जिन्होंने टिकट रेट्स, स्पेशल स्क्रीनिंग के राइट्स के बारे में मुख्यमंत्रीसे सहायता मांगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रियों का एक समूह फिल्म उद्योग से जुड़े मसले को देखेगा। उन्होंने फिल्म इण्डस्ट्री को एक प्रतिनिधिमंडल बनाने का सुझाव दिया ताकि दोनों मिल बैठकर मसेल सुलझा सके।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908